

दैनिक

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे

आरएनआई क्र.MPHIN/2012/40924

# क्षितिज किरण

प्रेरणापुंज- विचित्र कुमार सिन्हा -- ब्यूरो प्रमुख भोपाल- विलक्षण सक्सेना

जबलपुर, होशंगाबाद एवं सीहोर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र निर्भीक समाचार-पत्र

प्रधान सम्पादक-कृष्णकान्त सक्सेना वर्ष-15, अंक -159 जबलपुर, शनिवार 18 जुलाई 2026 कीमत-1 रूपया पृष्ठ-8 संपादक अरुण श्रीवास्तव


### पीएम.मोदी ने दिखाई हरी झंडी; दुनिया के चुनिंदा देशों में शामिल हुआ भारत

# दौड़ी पहली स्वदेशी हाइड्रोजन ट्रेन

नई दिल्ली-(आरएनएस)। भारत ने स्वच्छ और आधुनिक रेल परिवहन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की पहली हाइड्रोजन ईंधन सेल आधारित ट्रेन को हरी झंडी दिखाई। यह ट्रेन उत्तरी रेलवे के तहत हरियाणा के 89 किलोमीटर लंबे जिंद-सोनीपत रेलमार्ग पर संचालित होगी।

इस परियोजना के साथ भारत उन चुनिंदा देशों की सूची में शामिल हो गया है, जहां रेल परिवहन में हाइड्रोजन तकनीक का उपयोग शुरू हो चुका है। यह पहल भविष्य में पर्यावरण के अनुकूल और शून्य-उत्सर्जन वाली रेल सेवाओं का रास्ता खोल सकती है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हरियाणा के जींद रेलवे स्टेशन से भारत की पहली हाइड्रोजन-पावर्ड ट्रेन को हरी झंडी दिखाई। यह ट्रेन जींद और सोनीपत के बीच चलेगी। इसके साथ ही भारत उन चुनिंदा देशों में शामिल हो गया है, जहाँ हाइड्रोजन-पावर्ड ट्रेनें चल रही हैं। भारत में डिज़ाइन और तैयार की गई यह ट्रेन साफ़-सुथरे रेल ट्रांसपोर्ट की दिशा में एक बड़ा कदम है। यह दुनिया की सबसे लंबी और सबसे शक्तिशाली हाइड्रोजन-पावर्ड पैसेंजर ट्रेनों में से एक है। इसमें 10 कोच हैं, लगभग 2,600 यात्रियों के बैठने की क्षमता है और 3,200 हॉर्सपावर का प्रोपल्शन सिस्टम लगा है। दुनिया भर में अभी चल रही ज़्यादातर हाइड्रोजन ट्रेनों में सिर्फ़ दो से चार कोच होते हैं और उनका इस्तेमाल मुख्य रूप से छोटे रीजनल रूट पर किया जाता है।



हाइड्रोजन से चलने वाली यह ट्रेन शुरुआत में हरियाणा में नॉर्दर्न रेलवे के 89 किलोमीटर लंबे जींद-सोनीपत सेक्शन पर चलेगी। इस लॉन्च के साथ, भारत हाइड्रोजन से चलने वाले रेल ट्रांसपोर्ट की दिशा में काम करने वाले जर्मनी, जापान, चीन और अमेरिका जैसे देशों की सूची में शामिल हो गया है। पारंपरिक डीज़ल लोकोमोटिव के विपरीत, हाइड्रोजन ट्रेन हाइड्रोजन फ्यूल सेल का इस्तेमाल करके खुद अपनी बिजली बनाती है। भारत की पहली हाइड्रोजन से चलने वाली ट्रेन को हरी झंडी दिखाए जाने के बाद, रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि आज का दिन ऐतिहासिक है।

एक सार्वजनिक कार्यक्रम में बोलते हुए मोदी ने कहा कि आज हमारा जालंधर विकास का जश्न मना रहा है। आज मुझे जींद से देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन शुरू करने का मौका मिला। यहीं पर मुझे कुरुक्षेत्र में एक भव्य सिख म्यूज़ियम की आधारशिला रखने का सौभाग्य भी मिला। भले ही पंजाब में क्ब्छक की सरकार नहीं है, लेकिन पंजाब के विकास के प्रति हमारी प्रतिबद्धता अटूट है। केंद्र में क्ब्छक के नेतृत्व वाली छ्ब् सरकार राज्य की तरक्की सुनिश्चित करने में कोई कसर नहीं छोड़ रही है। उन्होंने स्वच्छता अभियान में स्थानीय लोगों की भागीदारी की सराहना करते हुए कहा कि मैं विशेष रूप से जालंधर के लोगों की तारीफ़ करता हूँ, जिन्होंने 'स्वच्छता के साथ स्वागत' पहल के ज़रिए इस कार्यक्रम को और भी सार्थक बना दिया है। श्री गुरु रविदास जी द्वारा दिए गए सद्भाव और सामूहिक प्रयासों के संदेश को आप सभी ने साकार किया है। प्रधानमंत्री ने सिख नेता सरदार तेजा सिंह समुंदरी को उनकी शहादत की 100वीं बरसी पर श्रद्धांजलि दी।

## स्लीमनाबाद टनल कटनी, रीवा, सतना, मैहर और पन्ना जिलों के लिए बनेगी अमृतधारा - मुख्यमंत्री डॉ यादव

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने टनल के अवलोकन के बाद स्लीमनाबाद में की प्रेस वार्ता



भोपाल-(आरएनएस)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि विंध्य क्षेत्र हर प्रकार के संसाधनों से समृद्ध है , लेकिन कुछ स्थानों पर पानी की कमी की चुनौती सामने आती है। स्लीमनाबाद टनल कटनी, रीवा, सतना, मैहर और पन्ना जिलों के लिए अमृतधारा बनेगी। भगवान श्रीराम के आशीर्वाद से चित्रकूट क्षेत्र और विंध्य की वैली के इन पांच जिलों के कुल ढाई लाख हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई का रकबा बढ़ेगा। लोगों के लिए पेयजल की समस्या का समाधान होगा। कई स्थानों पर इसमें बिजली भी बनाई जाएगी। यह परियोजना राज्य में सिंचाई का रकबा बढ़ाने के संकल्प की पूर्ति में निर्णायक भूमिका निभाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेशवासियों की ओर से टनल परियोजना के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि परियोजना के लिए 1600 करोड़ रुपए की राशि में केंद्र सरकार ने लगभग 275 करोड़ की राशि प्रदान की। राज्य सरकार की प्रतिबद्धता के बलबूते आज यह चुनौतीपूर्ण टनल परियोजना पूरी होने की ओर बढ़ रही है। किसानों और क्षेत्र के व्यापारियों के लिए यह टनल एक वरदान की तरह है। लगभग 12 किलोमीटर लंबी यह परियोजना भविष्य में इंजीनियरिंग के क्षेत्र में केस स्टडी सिद्ध होगी। भीषण भूकंप आने पर भी टनल 100 साल तक सुरक्षित रहेगी। कई स्थानों पर टनल की गहराई जमीन से नीचे 120 फीट तक भी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने स्लीमनाबाद टनल के अवलोकन के बाद मीडिया से चर्चा में यह जानकारी दी।

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि नर्मदा नदी तो खंभात की खाड़ी में जाकर मिलती है, लेकिन यह विज्ञान का चत्मकार ही है कि अब मां नर्मदा इस ऐतिहासिक टनल के माध्यम से गंगा बेसिन में सोन नदी के आसपास के अंचल में भी हरियाली लाएगी। एक समय ऐसा भी आया जब लगा कि टनल तैयार होना असंभव जैसा है। लेकिन जब संकल्प बड़ा होता है और पवित्र मन से कार्य किया जाए तो सफलता निश्चित रूप से मिलती है।

## मेरे वोटर नहीं हो, शिकायत नहीं सुनूंगा, करैरा बीजेपी एमएलए के इनकार पर भड़के ग्रामीण

### मासूम को गाड़ी के बोनट पर लिटाया



शिवपुरी।(आरएनएस)। मध्य प्रदेश के शिवपुरी जिले के करैरा से भाजपा विधायक रमेश खटीक द्वारा नरवर तहसील में समस्या सुनने के लिए लगाई गई जनचौपाल में उस समय हंगामा हो गया जब उन्होंने पड़ोसी विधानसभा पोहरी से आए ग्रामीणों की समस्या सुनने से इन्कार कर दिया। वहां हंगामे के दौरान अनसुनी से क्षुब्ध एक युवक ने अपने मासूम बच्चे को विधायक की गाड़ी के गर्म बोनट पर रख दिया। बता दें कि पोहरी से विधायक कांग्रेस के कैलाश कुशवाह हैं।

**पेयजल और बिजली की समस्या लेकर पहुंचे थे ग्रामीण**

बुधवार को नरवर के डॉ. भीमराव आंबेडकर भवन में जनचौपाल में विधायक रमेश खटीक के समक्ष पोहरी विधानसभा क्षेत्र के नानकपुर और बरखाड़ी गांव से पहुंचे ग्रामीणों ने पेयजल व बिजली की समस्या रखी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, विधायक ने उनका आवेदन देखते ही कहा कि आप पोहरी के हो, मेरे विधानसभा के मतदाता नहीं हो, मैं आपकी सुनवाई नहीं कर सकता, पोहरी विधायक के पास जाओ।

**नाराज ग्रामीण ने बच्चे को विधायक की गाड़ी के बोनट पर लिटाया**

विधायक के इस जवाब से ग्रामीण आक्रोशित हो गए। उन्होंने विधायक से कहा कि हम भले ही आपके मतदाता नहीं हैं, लेकिन हम मध्यप्रदेश सरकार के पास अपनी फरियाद लेकर आए हैं और आप सत्ता पक्ष के विधायक हैं। इसी बात पर कुछ देर तक नोंकझोंक और हंगामा हुआ।इसी बीच निराश लौट रहे एक ग्रामीण ने विरोध जताने के लिए अपने 3-4 साल के मासूम बच्चे को विधायक की खड़ी कार के गर्म बोनट पर लिटा दिया और बोला- जब सुनना ही नहीं है तो हमारे बच्चों को ही ले जाओ।

### नरसिंहपुर में सीआरपीएफ वाहन को कंटेनर ने मारी टक्कर, 2 जवान गंभीर

नरसिंहपुर. एमपी के नरसिंहपुर के स्टेशनगंज थाना क्षेत्र में गुरुवार की देर रात राष्ट्रीय राजमार्ग-44 पर मगरधा चौराहे के पास एक तेज रफ्तार कंटेनर ने सीआरपीएफ की 7वीं बटालियन के वाहन को पीछे से टक्कर मार दी. हादसे में दो जवान गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि तीन अन्य जवानों को मामूली चोटें आईं. सूचना मिलते ही स्टेशनगंज पुलिस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका उपचार जारी है.

### सोनम वांगचुक का भावुक संदेश, संसद मार्च होगा

## 20 जुलाई को नहीं आए तो भूत बनकर लौटूंगा



नई दिल्ली-(आरएनएस)। जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक ने शुक्रवार को कहा कि वे किसी भी हाल में 20 जुलाई तक जीवित रहेंगे। उनकी अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल का आज 20वां दिन है, जबकि डॉक्टरों ने चेतावनी दी है कि लंबे समय से चल रहा उनका उपवास गंभीर स्थिति में पहुँच गया है। परीक्षा में कथित अनियमितताओं को लेकर जंतर-मंतर पर कॉकरोच जनता पार्टी का विरोध प्रदर्शन 28वें दिन में प्रवेश कर गया है। वांगचुक ने 20 जुलाई को संसद तक संगठन के प्रस्तावित मार्च में बड़ी संख्या में लोगों के शामिल होने की अपील की है।

विरोध प्रदर्शन वाली जगह पर समर्थकों को संबोधित करते हुए वांगचुक ने माना कि उनकी शारीरिक हालत कमज़ोर हो गई है, लेकिन कहा कि उनका संकल्प मज़बूत बना हुआ है। उन्होंने कहा कि मैं बाहर से कमज़ोर हूँ लेकिन अंदर से बहुत मज़बूत हूँ। मुझे यकीन है कि आप सभी अंदर और बाहर, दोनों तरह से मज़बूत हैं। हमें इस ऊर्जा की 20 जुलाई के लिए ज़रूरत है, जब हम संसद तक शांतिपूर्ण मार्च निकालेंगे। हम सब साथ मिलकर लोकतंत्र के मंदिर में अपनी बात रखेंगे।

उन्होंने कहा कि मैं किसी भी कीमत पर 20 जुलाई तक ज़िंदा रहूँगा। अगर आप नहीं आए और 20 जुलाई का कार्यक्रम सफल नहीं हुआ, तो मैं भूत बनकर वापस आऊँगा। वांगचुक का इलाज कर रहे डॉक्टरों ने गुरुवार को चेतावनी दी थी कि उनकी सेहत बहुत नाजुक दौर में पहुँच गई है। उन्होंने आगाह किया कि उपवास जारी रखने से गंभीर जटिलताएँ हो सकती हैं, जिनमें अंगों को नुकसान पहुँचना भी शामिल है। वांगचुक ने उपवास खत्म करने से इनकार कर दिया है। उनका तर्क है कि सरकार की ओर से कोई प्रतिक्रिया मिले बिना ऐसा करने से गलत संदेश जाएगा। उन्होंने कहा कि अब पूरा ध्यान संसद तक 20 जुलाई को होने वाले मार्च को सफल बनाने पर होना चाहिए।

## बेंगलुरु.अहमदाबाद इंडिगो फ्लाइट में बम की अफवाह! शौचालय में मिला हाथ से लिखा पर्चा



बेंगलुरु- (आरएनएस)। बेंगलुरु के केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उस समय हड़कंप मच गयाए जब अहमदाबाद जाने वाली इंडिगो की एक फ्लाइट में बम होने की लिखित धमकी मिली। हालांकिए गहन जांच के बाद यह धमकी पूरी तरह से फर्जी ;भ्वंगद्ध साबित हुई। इस घटना के संबंध में शुक्रवार को बेंगलुरु की श्केआईएएलश् हवाई अड्डा पुलिस ने अज्ञात शख्स के खिलाफ प्राथमिकी ; दर्ज कर ली है। पुलिस और विमानन अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसारए इंडिगो की उड़ान संख्या 6.6423 को 16 जुलाई की रात 8. 00 बजे बेंगलुरु से अहमदाबाद के लिए रवाना होना था। विमान के निर्धारित प्रस्थान से ठीक 25 मिनट पहलेए यानी शाम करीब 7.35 बजे चालक दल मेंबर्सद्ध के एक सदस्य को विमान के अगले हिस्से में स्थित शौचालय ;टॉयलेटद्ध से एक पर्चा मिला। इस पर्चे पर हाथ से लिखा थाए ष्डोन्ट गो। बम हैए प्लीज।ष् ;मत जाओए बम हैए कृपयाद्ध।पर्चा मिलने के बाद विमानन सुरक्षा से संबंधित मानक संचालन प्रक्रियाओं ;एसओपीद्ध के तहत तत्काल कार्रवाई की गई

## जोधपुर-भोपाल एक्सप्रेस में 25 से ज्यादा बदमाशों का हमला, पथराव, यात्रियों से जेवर-बैग लूटकर भागे

भोपाल. (आरएनएस)। मध्य प्रदेश के गुना जिले के रुठियाई आउटर पर जोधपुर-भोपाल एक्सप्रेस में बीती देर रात यात्रियों के साथ जमकर लूटपाट की घटना हुई, जिसने ने यात्रियों को दहशत में डाल दिया. बताया जाता है कि ट्रेन संख्या 14813 देर रात करीब 2-20 बजे सिग्नल नहीं मिलने के कारण आउटर पर रुकी हुई थी. इसी दौरान करीब 25 से 27 नकाबपोश बदमाश ट्रेन के एस-5 और एस-6 कोच के पास पहुंचे और अलग-अलग समूहों में बोगियों के अंदर घुस गए. यात्रियों के अनुसार पूरी घटना करीब आधे घंटे तक चलती रही. अचानक हुई इस वारदात से दोनों कोचों में अफरा-तफरी मच गई. कई परिवार अपने बच्चों के साथ डरे-सहमे बैठे रहे, जबकि कुछ यात्रियों ने हिम्मत दिखाकर बदमाशों का विरोध करने की कोशिश की.

## सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी के एमडी को 5 लाख की रिश्वत लेते सीबीआई ने पकड़ा, जबलपुर सहित कई शहरों में छापेमारी

भोपाल.(आरएनएस)। सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी कर्नाटक एंटीबायोटिक्स एंड फार्मास्युटिकल्स लिमिटेड (केएपीएल) के प्रबंध निदेशक (एमडी) अनुराग दनायक को नोएडा में पांच लाख रुपये की रिश्वत लेत सीबीआई ने रंगे हाथ पकड़ा है. इस अधिकारी के जबलपुर, बेंगलुरु और नोएडा के ठिकानों पर भी जांच की गई है. आरोप है कि उक्त एमडी ने भोपाल की दवा वितरक फर्म से सर्विस एजेंट अनुबंध के नवीनीकरण, नए सरकारी संस्थानों के आवंटन और दवाओं की बिक्री पर मिलने वाले कमीशन में 60 प्रतिशत हिस्सेदारी रिश्वत के रूप में मांगी थी.

ठिकानों से भारी मात्रा में मिली नकदी

बेंगलुरु, नोएडा और जबलपुर स्थित उससे जुड़े ठिकानों पर सर्चिंग की, जिसमें 75 लाख रुपये नकद, चार लाख रुपये कीमत की विदेशी मुद्रा, 697 ग्राम सोना (अनुमानित कीमत 86 लाख रुपये) और संपत्ति से जुड़े दस्तावेज मरामद हुए हैं. सीबीआइ भोपाल ने आरोपी के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अंतर्गत मामला दर्ज किया है. एफआईआर के अनुसार भोपाल की मेसर्स फार्मा केयर फर्म के हर्ष कौशिक ने 10 जुलाई को सीबीआई भोपाल में शिकायत की थी. यह फर्म केएपीएल की अधिकृत सर्विस एजेंट है और मध्य प्रदेश के सरकारी अस्पतालों व अन्य सरकारी संस्थानों में दवाओं की आपूर्ति करती है. वर्ष 2026-27 के लिए उसके सर्विस एजेंट अनुबंध के नवीनीकरण का आवेदन लंबित था. शिकायत में बताया कि दनायक फरवरी 2026 से हुई दवा बिक्री पर मिलने वाले कमीशन का 60 प्रतिशत हिस्सा रिश्वत के रूप में मांगा था. इसके अलावा, तीन नए सरकारी संस्थानों में दवा वितरण का कार्य दिलाने और लंबित सर्विस एजेंट एग्रीमेंट को मंजूरी देने के एवज में भी अवैध रकम मांगी गई. उसने वाट्सएप काल के माध्यम से कई बार संपर्क कर फर्म को कमीशन की गणना करने और उसमें से अपना हिस्सा देने के लिए कहा. साथ ही चेतावनी दी कि रिश्वत नहीं देने पर अनुबंध का नवीनीकरण नहीं किया जाएगा, भविष्य में किसी भी सरकारी संस्थान का आवंटन भी नहीं मिलेगा. आरोपित ने कुल लगभग 15 लाख रुपये की रिश्वत मांगी थी, पहली किस्त में पांच लाख रुपये लेने पर सहमति जताई. 15 जुलाई को नोएडा में पांच लाख रुपये लेते हुए सीबीआई टीम ने उसे रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया. आरोपित से जुड़े स्थानों से जब्त दस्तावेज गड़बड़ी की और परतें खुलेंगी.

## पश्चिम बंगाल में लेवल क्रॉसिंग पर स्कूल वाहन से टकराई ट्रेन, 3 बच्चों समेत 4 की मौत, कई घायल




मुर्शिदाबाद.(आरएनएस)। पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले से एक बेहद दुखद और दर्दनाक हादसे की खबर आई है. शुक्रवार, 17 जुलाई की सुबह करीब 7 बजे अजीमगंज-कटवा रेल खंड पर एक स्कूली पूल कार (वैन) की स्थानीय पैसेंजर ट्रेन से भीषण भिड़ंत हो गई. यह हादसा कर्नसुबर्ण और गोबिंदपुर रेलवे स्टेशनों के बीच एक रेलवे लेवल क्रॉसिंग पर हुआ. इस हादसे में तीन स्कूली बच्चों और एक स्थानीय नागरिक (साइकिल सवार) सहित कुल चार लोगों की मौत हो गई है, जबकि चार अन्य छात्र और वैन का ड्राइवर गंभीर रूप से घायल हैं.

प्रत्यक्षदर्शियों और स्थानीय निवासियों से मिली जानकारी के अनुसार, यह हादसा उस समय हुआ जब एक निजी स्कूल के बच्चों को लेकर जा रही वैन रेलवे ट्रैक पार करने की कोशिश कर रही थी. स्थानीय लोगों का आरोप है कि अप-लाइन पर हावड़ा जाने वाली नबद्वीप एक्सप्रेस के गुजरने के बाद गोबिंदपुर रेल गेट को खुला ही छोड़ दिया गया था. गेट खुला देखकर स्कूल वैन और एक साइकिल सवार ने पटरियों को पार करना शुरू कर दिया. इसी दौरान डाउन लाइन पर आ रही निमतिता-कटवा लोकल ट्रेन अचानक वहां पहुंच गई और उसने स्कूल वाहन को जोरदार टक्कर मार दी. टक्कर इतनी भीषण थी कि वाहन के परखच्चे उड़ गए और उसमें सवार बच्चे भीतर ही फंस गए.

टक्कर की आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण और स्थानीय निवासी तुरंत दुर्घटनास्थल की ओर दौड़े. उन्होंने तत्परता दिखाते हुए मलबे में फंसे घायल बच्चों और वैन चालक को बाहर निकाला. दो बच्चों की मौके पर ही मौत हो गई थी, जबकि एक अन्य ने अस्पताल ले जाते समय दम तोड़ दिया. सभी घायलों को पहले कर्नसुबर्ण ब्लॉक अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर हालत को देखते हुए बहरामपुर स्थित मुर्शिदाबाद मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल रेफर कर दिया गया. डॉक्टरों के मुताबिक, अस्पताल में भर्ती कुछ बच्चों की हालत बेहद नाजुक बनी हुई है. इस भीषण हादसे के बाद इलाके में भारी तनाव फैल गया है.

## सुप्रीम कोर्ट का आदेश मिलने के बाद धार में नमाज करवाने में जुटा प्रशासन, बैठक कर तलाशी संभावनाएं



धार। ऐतिहासिक भोजशाला के मामले को लेकर सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिया गया आदेश जिला प्रशासन को प्राप्त हो गया है। इसके बाद प्रशासन आदेश के पालन को लेकर सक्रिय हो गया है। आदेश के अनुसार मुस्लिम पक्ष को नमाज करवाने के लिए खुला स्थान देने को लेकर प्रशासनिक अधिकारी हाईलेवल मीटिंग कर सभी संभावित विकल्पों को खंगाल रहे हैं। उल्लेखनीय है कि हाई कोर्ट की इंदौर खंडपीठ के आदेश के बाद से भोजशाला में नमाज पर रोक लगा दी गई थी। इसके पूर्व हर शुक्रवार को मुस्लिम समाज दोपहर 1 से 3 बजे तक यहां नमाज अदा करता था। सुप्रीम कोर्ट ने भोजशाला परिसर से सटे अथवा उसके निकट स्थित स्थान पर नमाज के लिए जगह उपलब्ध कराने की बात कही है। वहीं हिंदू पक्ष ने भोजशाला के समीप 300 मीटर तक नमाज अदा करने को लेकर आपत्ति जताई है। ऐसे में प्रशासन के लिए नमाज अदा करवाना बड़ी चुनौती बन गया है। अब सबकी निगाहें प्रशासन के निर्णय पर टिकी हुई हैं।




जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )। थाना मझौली में रामलाल कोल उम्र 35 वर्ष निवासी ग्राम बूढ़ी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि रात लगभग 8-30 बजे वह तथा उसकी पत्नी घरेलू विवाद को लेकर आपस में विवाद कर रहे थे तभी बाजू में रहने वाला दीपक गडारी तथा धर्मेन्द्र गोटिया आकर गाली गलोज करने लगे दीपक गडारी जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर अपमानित करने लगा, धर्मेन्द्र ने डंडा से तथा दीपक ने हाथ मुक्कों से मारपीट कर उसके सिर पसली में चोट पहुँचा दी उसका भतीजा करन कोल बीच बचाव करने लगा तो धर्मेन्द्र ने डंडे से हमलाकर करन के सिर में चोट पहुँचा दी

# अखण्ड जल-ज्योति पूजन के साथ श्रद्धा एवं भक्ति से प्रारंभ हुआ चालीसा व्रत महोत्सव





जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। चालीसा व्रत मेला 2026 महोत्सव का शुभारंभ हुआ! चालीस दिनों तक चलने वाले महापर्व पर प्रतिदिन झूलेलाल मंदिर भरतीपुर में जलज्योति की पूजा अर्चना, आरती एवं पल्लव प्रात: 9.30 बजे से प्रारंभ मे महापूजन प्रात: 9.30 बजे चालीस दिनों तक यह महानुष्ठान विष्णुधाम के महंत स्वामी रामदास जी महाराज का आशीर्वाद,स्वामी अशोकानंद जी महाराज एवं स्वामी प्रदीप महाराज तथा अन्य संत महात्माओं के पावन सानिध्य में हुआ चालीस दिनों तक मातायें, बहनें, व्रत एवं उपवास रखकर भगवान झूलेलाल मंदिर के गर्भगृह में स्थित विपत्ति निवारक जल देवता, वरूण देवता, भगवान झूलेलाल का पूजन अर्चन एवं जलाशय में दीपदान किया! चालीसा व्रत की उपासना सुख-समृद्धिदायक- चालीसा व्रत महोत्सव मे आयोजित धर्मसभा में स्वामी अशोकानंद जी महाराज ने बताया धर्म मनुष्य का सच्चा साथी है यह परलोक में भी साथ नहीं छोड़ता है, यही समय है जब धर्म का संयम कर जीवन को सफल बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार पानी से शरीर और कपड़ा साफ किया जाता है उसी प्रकार ज्ञान और प्रभु भक्ति तथा आराधना से अंतर्रात्मा की शुद्धि की जाती है। वस्तुत: चालीसा व्रत करने से परमानंद प्राप्ति के द्वार खुल जाते हैं। विधायक अशोक रोहाणी ने कहा कि यह परंपरा आध्यात्मिक साधना एवं उपासना के लिये जीवन को मंगलम बनाने का प्रतीक एवं माध्यम है।

आयोजन समिति के सर्वश्री विधायक कैंट अशोक रोहाणी उद्धवदास पारवानी, दिलीप तलरेजा,रामचंद्र आहूजा, हरि रोहाणी ,रमेश आहूजा, राजकुमार कांधारी,माधवदास कुंदवानी श्रीचंद मध्यांनी, कैलाश वासवानी, धर्मेंद्र मंगलानी, त्रिलोक वासवानी,लक्ष्मीचंद खेमानी, गोविन्द हीरानी, प्रकाश आहूजा,प्रकाश आसवानी,राजा सावलानी, विजय पंजवानी,बिल्लू हीरानी, सुनील हासवानी, गोपीचन्द्र खत्री सभी अनुष्ठान मे शामिल हुए आयोजन समिति ने समाजजनों से अपील की है कि वे आगामी चालीस दिनों तक प्रतिदिन प्रात: 9-30 बजे श्री झूलेलाल मंदिर, भरतीपुर, जबलपुर में आयोजित जल-ज्योति पूजा, महाआरती, पल्लव एवं धार्मिक अनुष्ठानों में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर भगवान झूलेलाल का आशीर्वाद प्राप्त करें।

## स्वामी जगन्नाथ रथ यात्रा की हुई भव्य महाआरती

# पूरी जैसा लग रहा था बड़ा फुहारा संतो के द्वारा स्वर्णमई झाड़ू से बुहारा गया रास्ता



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। बड़े फुहारा पर आयुर्वेदिक दवाई की दुकान खुन्नेलाल एंड कंपनी के सामने 11 रथों की एक साथ भव्य स्वागत एवं 5 महाआरतीयो से आरती हुई फिर संतो द्वारा स्वर्णमयी झाड़ू से रास्ता बुहारा गया सन 1984 से लगतर जारी है

नर्मदा महा आरती के संस्थापक एवं रथ यात्रा स्वागत समिति के अध्यक्ष डॉ सुधीर अग्रवाल ने बताया आज की रथ यात्रा को नरसिंह पीठाधीश्वर जगद्गुरु नरसिंह दास महाराज जगद्गुरु राजारमाचार्य जी महाराज स्वामी पगलानंद महाराज स्वामी चंद्रशेखरनंद महाराज राम जीशरण जी महाराज पं रोहित दुबे अनूप देव जी महाराज योगी महंत राजेश दास महाराज भागवतचार्य योगेंद्र महाराज की अगुवाई में निकाली गई स्वागत समिति के शरद अग्रवाल के द्वारा खिचड़ी का महाभोग मीठा भात भक्तों को बांटा गया

जगदीश मंदिर गड़ाफाटक साहू समाज हनुमान ताल बंगाली क्लब विट्ठल रघुराई मंदिर सहित कई मंदिरों के रथ एक साथ निकाले गए बैंड बाजा दुलदुल घोड़ी झांकियां आदि शामिल हुई इस अवसर पर स्वागत समिति के अध्यक्ष एवं नर्मदा महाआरती ग्वारीघाट के संस्थापक डॉ सुधीर अग्रवाल वरिष्ठ प्रचारक भागचंद रावले विष्णु कांत ठाकुर सह संकीर्तचार्य श्याम मनोहर पटेल विनोद दीवान प्रवेश खेड़ा शोभाराम गोटिया संकीर्तचार्य सुरेश विश्वकर्मा मनोज नामदेव आदि उपस्थित थे

# महापौर-परिषद के विधिसम्मत गठन एवं निर्णयों की वैधानिकता की जांच की मांग को लेकर संभागीय कमिश्नर को सौंपा ज्ञापन



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। शहर कांग्रेस सेवादल, जबलपुर द्वारा आज संभागीय कमिश्नर, जबलपुर संभाग को ज्ञापन सौंपकर नगर निगम जबलपुर की महापौर-परिषद के विधिसम्मत गठन न होने तथा उसके द्वारा लिए जा रहे निर्णयों की वैधानिकता की जांच कर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई किए जाने की मांग की गई। ज्ञापन में कहा गया कि यदि महापौर-परिषद का गठन विधि एवं नियमों के अनुरूप नहीं हुआ है, तो उसके द्वारा लिए गए निर्णयों की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई की जाए तथा नगर निगम का कार्य संचालन विधिसम्मत तरीके से सुनिश्चित किया जाए। इस अवसर पर *शहर कांग्रेस सेवादल के अध्यक्ष श्री सतीश तिवारी*जी के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपा गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से श्री शिव कुमार चौबे, श्री रिजवान अली कोटी, श्री अशोक यादव, श्री विष्णु विनोदिया, श्री उमेश पटेल, श्री राजेंद्र पिल्ले, श्री हिमांशु मिश्रा, श्री महेश मिश्रा, श्री अनिल गुप्ता, एजाज अंसारी जी, श्री रिंकू कुशवाहा ,प्रवक्ता जितेंद्र यादव, सहित अनेक कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

# जूडो मैट पर खिलाड़ियों का महासंग्रामरू जिला स्तरीय शालेय प्रतियोगिता का गरिमामयी समापन

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)।जिला शिक्षा अधिकारीए जबलपुर के मार्गदर्शन एवं नर्मदा नर्सरी तथा वल्लभ उच्चतर माध्यमिक विद्यालयए हनुमानताल के संयोजन में आयोजित जिला स्तरीय शालेय बालक एवं बालिका ;14ए 17 एवं 19 वर्षद्ध जूडो प्रतियोगिता का शानदार समापन हुआ। हनुमानताल स्थित नर्मदा नर्सरी एवं वल्लभ उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के परिसर में खेली गई इस प्रतियोगिता में शहर के विभिन्न शासकीय एवं अशासकीय स्कूलों के लगभग 275 खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपना कौशल दिखाया।

प्रतियोगिता के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में श्री नवनीत महेश्वरी ;संचालकए नर्मदा कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस एवं नर्मदा शिक्षण महाविद्यालयद्ध उपस्थित रहे। वहींए विशिष्ट अतिथि के रूप में श्रीमती सुनीता महेश्वरी ;संचालकए नर्मदा ग्ररुपद्धए श्री प्रभाव महेश्वरी ;सह.संचालकद्ध एवं श्री विभव महेश्वरी ;सह.संचालकद्ध ने गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई और सभी विजेता व उपविजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत कर उनका हौसला बढ़ाया।





प्रतियोगिता के अंतिम चरण में आज बालक वर्ग के भार वर्ग ;वेट केटेगरीद्ध की वजन प्रक्रिया पूरी होने के तुरंत बाद जूडो मैट पर मुकाबलों की शुरुआत हुई। वरिष्ठ जूडो कोच आबिद हुसैन खान के तकनीकी निर्देशन में रेफ्री पैनल ने सभी आयु वर्गों के मैच संपन्न कराए। श्री खान ने बताया कि बालिकाओं के सफल मुकाबलों के बाद आज बालक वर्ग ;14ए 17 एवं 19 वर्षद्ध के खिलाड़ियों के बीच बेहद रोमांचकए तीव्र और कड़े मुकाबले देखने को मिलेए जिसमें खिलाड़ियों ने एक से बढ़कर एक तकनीकी दांव.पेचों का प्रदर्शन किया।

बालक वर्ग के मुख्य परिणामरू

बालक वर्ग ;14 वर्षद्धरू .25 किग्रा में आरव कोस्टा ;नर्मदा नर्सरीद्धए .30 किग्रा में मोहम्मद शाद नवाज़ ;लिटिल चैम्पद्धए .35 किग्रा में अनस मंसूरी ;लिटिल चैम्पद्धए.40 किग्रा में साकिब अंसारी ;लिटिल चैम्पद्धए .45 किग्रा में एहतेशाम मंसूरी ;क्राइस्चर्च स्कूलद्धए .50 किग्रा में मोहम्मद जैद ;नर्मदा नर्सरी द्धए.50 किग्रा में आरिश अख्तर ;रेयान इंटरनेशनलद्ध आदि विजेता रहे। बालक वर्ग ;17 वर्षद्धरू .40 किग्रा में शिवांक कुशवाहा ;सेंट अलायशियसद्धए .45 किग्रा में काशिफ रज़ा ;मालपानी स्कूलद्धए .50 किग्रा में हर्ष श्रीवास्तव ;ज्ञानोदय स्कूलद्धए .55 किग्रा में अंकुश गुप्ता ;मॉडल हाई स्कूलद्धए .60 किग्रा में अरहान आलम ;लिटिल चैम्पद्धए .66 किग्रा में अविरल सिंह ठाकुर ;शाण् स्कूल पनागरद्धए .81 किग्रा में अथर्व यादव ;आदित्य कॉन्वेंटद्ध आदि विजेता रहे। बालक वर्ग ;19 वर्षद्धरू .40 किग्रा में लक्ष्य अग्रहरि ;नर्मदा नर्सरीद्धए .45 किग्रा में अंश श्रीवास ;मालपानी स्कूलद्धए .50 किग्रा में अराध्य साहू ;क्राइस्चर्च स्कूलद्धए .55 किग्रा में सचिन पटैल ;ब्रिटिश फोर्टद्धए .60 किग्रा में हर्ष परिहार ;अजय सत्य प्रकाशद्धए .66 किग्रा में अनुराग अग्रहरि ;अजय सत्य प्रकाशद्धए .73 किग्रा में राज चक्रवर्ती ;मानकुवारी बरेलाद्ध आदि विजेता रहे। प्रतियोगिता के सफल संचालन के लिए विभाग द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षक के रूप में श्रीमती माधुरी शर्मा एवं श्रीमती प्रियंका खरे विशेष रूप से उपस्थित रहीं। मैचों को निष्पक्ष रूप से संपन्न कराने में निर्णायक ;रेफ्रीद्ध के रूप में एडवोकेट अताउर्रहमान अंसारीए ज्ञान भूषण दुबेए तावेज अलीए नौशीन अंजुमए सारका अंजुम और ताजवर अंजुम आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस संपूर्ण भव्य प्रतियोगिता के गरिमामयी और सफल आयोजन में संस्था के प्राचार्य श्री सुनील शुक्ला एवं उप.प्राचार्य प्रभुता श्रीवास का विशेष सहयोग रहाए जिनके कुशल प्रबंधन और व्यवस्थाओं के चलते यह पूरी प्रतियोगिता सुचारू रूप से संपन्न हुई।

# महार्षि सुदर्शन वार्ड में अधूरे नाला निर्माण से नागरिक परेशान, कांग्रेस ने ठेकेदार और नगर निगम पर लापरवाही का लगाया आरोप

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। महार्षि सुदर्शन वार्ड में पिछले लगभग 20-25 दिनों से नाला निर्माण का कार्य अधूरा छोड़ दिए जाने के कारण स्थानीय नागरिकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ठेकेदार द्वारा नाला खोदकर कार्य बीच में ही छोड़ देने से आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया है। लोगों को अपने घरों तक पहुंचने के लिए लंबा चक्कर लगाकर जाना पड़ रहा है, जबकि स्कूली बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को सबसे अधिक कठिनाई उठानी पड़ रही है।

कांग्रेस पार्टी के पूर्व पार्षद प्रत्याशी धीरेंद्र संजू ठाकुर ने आरोप लगाया कि नाले का गंदा पानी सड़क पर बह रहा है, जिससे क्षेत्र में गंदगी और दुर्गंध फैल रही है। लगातार जलभराव की स्थिति के



कारण डेंगू, मलेरिया सहित अन्य संक्रामक बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया है। उन्होंने कहा कि यदि समय रहते निर्माण कार्य पूरा नहीं कराया गया तो वार्डवासियों के स्वास्थ्य पर गंभीर असर पड़ सकता है। झ

पूर्व पार्षद प्रत्याशी धीरेंद्र संजू ठाकुर ने नगर निगम प्रशासन और संबंधित ठेकेदार से मांग की है कि अधूरे पड़े नाला निर्माण कार्य को तत्काल पूरा कराया जाए, सड़क को आवागमन योग्य बनाया जाए तथा क्षेत्र में साफ-सफाई और जल निकासी की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही समस्या का समाधान नहीं किया गया तो कांग्रेस पार्टी वार्डवासियों के साथ मिलकर नगर निगम के खिलाफ जनआंदोलन करने के लिए बाध्य होगी।


# नोटो की हथकड़ी लेकर लोकायुक्त ज्ञापन देने पहुंचा मध्य भारत मोर्चा



जबलपुर। भ्रष्टाचार मामले को लेकर मध्य भारत मोर्चा के सदस्य अध्यक्ष सौरभ यादव के नेतृत्व में लोकायुक्त कार्यालय पहुंचे और महानिदेश भोपाल के नाम ज्ञापन सौंपा मोर्चा के सदस्य बड़ी मात्रा में नोटो की हथकड़ी लेकर लोकायुक्त कार्यालय पहुंचे मोर्चा अध्यक्ष सौरभ यादव ने कहा कि नागरिक आपूर्ति निगम के जिला प्रबन्धक संजय सिंह जिन्हें लोकायुक्त द्वारा 2022 में 60 हजार की रिश्वत लेते रंगों काटों पकड़ा गया था पर अब चार वर्ष हो जाने के बावजूद भी उनके अभियोजन की स्वीकृति नहीं हुई ओर न ही न्यायालय में चालान पेश किया गया मोर्चा के सदस्य प्रतीकात्मक रूप में नोटो की हथकड़ी लेकर पहुंचे थे ताकि कारवाही शीघ्र हो सके जहां ज्ञापन लेते हुए लोकायुक्त की पुलिस अधीक्षक अंजूलता पटले द्वारा मोर्चा सदस्यों को जल्द कारवाही हेतु अस्वस्थ किया गया ।इस दौरान मोर्चा अध्यक्ष सौरभ यादव, दिलीप विश्वकर्मा, नरेश, अमित, रोहित भोजक, राजा , पल्लव शुक्ला , फैज़ल, निहाल यादव, सोनू साहू, राहुल तिवारी, सात्विकभोजक, आमिर, समीर,आसिफ, हर्ष वर्मा, आकाश ,एजाज , आदि सदस्य उपस्थित थे।

## विहिप के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार रहेंगे मुख्य अतिथि

# श्री हनुमानजी प्राण-प्रतिष्ठा एवं गुरु पूर्णिमा महोत्सव 21 को







जबलपुर। कटंगी स्थित प्रज्ञा धाम में 21 जुलाई को दक्षिण मुखी नीमबाले श्रीहनुमानजी की प्राण-प्रतिष्ठा, गुरु पूर्णिमा महोत्सव का भव्य आयोजन किया जा रहा है।समारोह की संयोजक प्रज्ञा पीठाधीश्वर श्रीमां साध्वी विभानंद गिरी जी ने बताया कि आयोजन के अंतर्गत दोपहर 12 बजे वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हनुमान जी के नेत्र दर्शन होंगे। सवामन लड्डू का भोग, महाआरती एवं भंडारे का आयोजन किया गया है । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अंतरराष्ट्रीय विश्व हिंदू परिषद के अध्यक्ष श्री आलोक कुमार नई दिल्ली एवं विशिष्ट अतिथि डॉ. कैलाश गुप्ता विभाग संघचालक होंगे। सम्पूर्ण समारोह जगद्गुरु रामरंगी द्वाराचार डॉ.स्वामी नरसिंह देवाचार्य महाराज, महामंडलेश्वर स्वामी अखिलेश्वरानंद गिरि महाराज,श्रीमहंत कौशिक चेतन्य महाराज,श्रीमहंत डॉ. साध्वी प्रज्ञा भारती महाराज के मंगल सानिध्य में होगा। विहिप के अध्यक्ष सुनील भागचंदानी, धर्माचार्य संपर्क प्रमुख मुन्ना पांडेय, प्रज्ञाधाम के ट्रस्टी देवेश्वर गिरी, सोम गिरी, अदिति गिरी एवं राजेश पाठक प्रवीण ने धर्मप्रेमी श्रद्धालुओं से कार्यक्रम में उपस्थित होकर पुण्य लाभ प्राप्त करने का आग्रह किया है।

# म.प्र. उच्च न्यायालय में दिवंगत अधिवक्ताओं की स्मृति में एक पौधा राष्ट्र के नाम के तहत 501 पौधों का वितरण किया गया


जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। म.प्र.उच्च न्यायालय परिसर हनुमान मंदिर में दिवंगत अधिवक्ताओं की स्मृति में राष्ट्र के नाम एक पौधा के तहत् 501 पौधों वितरण अधिवक्ताओं को म.प्र. उच्च न्यायालय के न्यायाधीश विशाल धगट द्वारा रानी दुर्गावती विश्वद्यालय छात्र परिषद् के संयोजक अधिवक्ता धीरज सिंह ठाकुर के संयोजन मे किया गया ।

इस दौरान न्यायाधीश विशाल धगट को सम्मान पत्र व पौधे भेंट कर स्वागत किया गया। अधिवक्ता धीरज सिंह ठाकुर ने बताया कि दिवंगत अधिवक्ताओं को श्रद्धांजली फूलों से तो अर्पित की जाती है, ऐसे में उनकी स्मृति में पौधों का वितरण करना एक अनूठी नयी पहल है, इस प्रकार के जिससे एक पौधा राष्ट्र के नाम अभियान का उद्देश्य पर्यावरण, संरक्षण, हरित भारत का निर्माण तथा प्रकृति के प्रति जनजागरूकता का प्रसार करने से सहायक



होगा। इस अवसर पर अधिवक्तागण प्रशांत अवस्थी, आशीष त्रिवेदी, अमित जैन, असीम त्रिवेदी, सत्येन्द्र ज्योतिषी, अखिलेश सिंह, एसके मिश्रा, दीपक रघुवंशी, लोकेश ठाकुर, दिनेश भोजवानी, सवीन्द्र सिंह राजपूत, नितिन करन, अमन शर्मा, शक्ति त्रिपाठी, आलोक तापिकर, नरेश मध्यानी, एसएस ठाकुर, दीपक सिंह, शिवराज सिंह, अनुराग उपाध्याय, मुन्नू पटेल, सहित अनेक अधिवक्ता उपस्थित रहे

## रामनाथ प्रजापति ( रम्मू ) बरौंदा वाले का निधन



जबलपुर। व्हीकल फैक्ट्री से सेवानिवृत आई.टी.आई. शिवधाम-नगर जबलपुर निवासी श्री रामनाथ प्रजापति जी (रम्मू) बरौंदा वालों का 75 वर्ष की आयु में आज दिनांक 17/07/2026 को आकस्मिक निधन हो गया है, जिनकी अंतिमयात्रा कल दिनांक 18/07/2026 शनिवार को निज निवास से दोपहर 1-00 रानीताल मुक्ति धाम के लिए प्रस्थान करेगी। आप दयाराम प्रजापति एवं धर्मेन्द्र प्रजापति के पिता जी थे



भोपाल -खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने भोपाल के अंतर्राष्ट्रीय स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, नाथू बरखेड़ा में 28 जुलाई से 8 अगस्त तक होने वाली अग्निवीर सेना भर्ती रैली की तैयारियों को लेकर सेना भर्ती कार्यालय ( एआरओ ), जिला प्रशासन एवं खेल और युवा कल्याण विभाग सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों की संयुक्त समीक्षा बैठक ली। बैठक में भर्ती रैली के सफल, सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित आयोजन के लिए आवश्यक व्यवस्थाओं की बिंदुवार समीक्षा करते हुए सभी संबंधित विभागों को निर्धारित समय-सीमा में तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।

**प्रधानमंत्री मोदी ने जालंधर से देश के 20 राज्यों के 75 अमृत भारत रेलवे स्टेशन का किया वर्चुअल शुभारंभ- पुनर्विकसित टीकमगढ़, छतरपुर, सांची, अशोकनगर, बालाघाट, छिंदवाड़ा सहित प्रदेश के 13 अमृत भारत स्टेशन किए जनता को समर्पित**

# बुंदेलखंड अब बदल रहा है, केन-बेतवा नदी जोड़ो परियोजना से आएगी हरियाली -मुख्यमंत्री डॉ. यादव

**मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने टीकमगढ़ रेलवे स्टेशन पर वर्चुअल शुभारंभ कार्यक्रम में की सहभागिता**





भोपाल-(आरएनएस) प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को पंजाब के जालंधर छावनी रेलवे स्टेशन से देश के 20 राज्यों में विकसित किए गए 75 अमृत भारत रेलवे स्टेशनों का शुभारंभ किया। इनमें मध्यप्रदेश के पुनर्विकसित टीकमगढ़, छतरपुर, खजुराहो के प्रवेश द्वार तरिचर, हरपालपुर, सांची, अशोकनगर, बालाघाट, ब्यौहारी, छिंदवाड़ा, जुन्नारदेव, नैनपुर जंक्शन, विदिशा, शिवपुरी एवं भिंड सहित कुल13 अमृत भारत रेलवे स्टेशन शामिल हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने टीकमगढ़ रेलवे स्टेशन से अमृत भारत स्टेशनों के लोकार्पण कार्यक्रम में सहभागिता की। मुख्यमंत्री ने प्रदेश को 13 अमृत भारत स्टेशन के रूप में ऐतिहासिक सौगात देने के लिए प्रधानमंत्री श्री मोदी का आभार व्यक्त कर कहा कि अमृत भारत स्टेशन योजना प्रदेश के आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक विकास को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएगी। उन्होंने कहा कि 75 अमृत भारत स्टेशनों का एक साथ शुभारंभ भारतीय रेल के आधुनिकीकरण और विकसित भारत के संकल्प की ऐतिहासिक उपलब्धि है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित पुनर्विकसित टीकमगढ़ रेलवे स्टेशन क्षेत्र के विकास, पर्यटन और जनसुविधाओं का नया केंद्र बनेगा। उन्होंने कहा कि नए अमृत भारत स्टेशन मध्यप्रदेश को नई पहचान, नया सम्मान और विकास की नई दिशा देंगे। हमारे लिए ये स्टेशन समृद्ध और गौरवशाली विरासत का प्रतिबिंब हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में हमारा देश और प्रदेश बदल रहा है। बुंदेलखंड ने अब तेजी से विकास और बदलाव की नई इबारत लिखी है। बुंदेलखंड की धरती आध्यात्मिकता और बहुमूल्य खनिज संपदा से संपन्न है। यहां रामराजा सरकार और बुंदेली संस्कृति के कई प्रतिमान जुड़े हैं। पहले बुंदेलखंड जल की कमी के लिए जाना जाता था। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि बुन्देलखंड की भूमि अपना विकास करने में सक्षम है लेकिन प्राकृतिक कारणों से इतिहास में यहां से पलायन होता रहा है। उन्होंने कहा कि केन-बेतबा नदी जोड़ो अभियान के तहत बुन्देलखंड में समृद्धि के नवीन द्वार खुलेंगे और यहां विकास की गंगा बहेगी। एक लाख करोड़ रुपए की योजना से बुन्देलखंड पूरा बदल जाएगा। पेयजल की उपलब्धता होगी। कृषि, उद्योग, पर्यटन, शिक्षा के साथ-साथ सभी क्षेत्रों में विकास होगा। इसलिए यहा रेल यातायात को तेजी से बढावा दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश नक्सलवाद को खत्म करने वाला और लाल सलाम को आखिरी सलाम करने वाला देश का पहला राज्य है। उन्होंने कहा बुन्देलखंड की गौरवशाली विरासत का अपना अलग इतिहास है। यह वीरों और महावीरों की भूमि है। बुन्देलखंड अपने अंदर गौरवशाली इतिहास, धार्मिक और सांस्कृतिक विरासत को संजोए हुए है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में भारतीय रेल अभूतपूर्व परिवर्तन के दौर से गुजर रही है। भारतीय रेलवे का नेटवर्क इतना बड़ा है कि कई देशों की आबादी के बराबर यात्री प्रतिदिन हमारी ट्रेनों में सफर करते हैं। कोयले और भाप के इंजन से शुरू हुई रेल यात्रा अब स्वच्छ, पर्यावरण-अनुकूल हाइड्रोजन तकनीक तक पहुंच चुकी है, जिससे भारत अब विश्व के उन चुनिंदा देशों में शामिल हो गया है जो भविष्य की इस अत्याधुनिक तकनीक पर सफलतापूर्वक कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश के लिए गर्व का विषय है कि अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत चयनित 80 स्टेशनों में से पहले चरण में प्रदेश के 13 स्टेशनों का कायाकल्प कर जनता को समर्पित किया गया है। ये अमृत भारत स्टेशन प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत, पर्यटन, व्यापार और क्षेत्रीय विकास को नई गति देंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज भारतीय रेल के इतिहास का युगांतरकारी दिन है। यह केवल रेलवे स्टेशनों का लोकार्पण ही नहीं, भारत की विरासत, आधुनिकता और आत्मनिर्भरता का त्रिवेणी संगम है। अमृतकाल में हमारे वैज्ञानिकों, रेलवे इंजीनियरों और कर्मयोगियों ने अकल्पनीय कार्य किया है। भारतीय रेलवे के 173 वर्षों के इतिहास में पहले कोयला, डीजल और बिजली से ट्रेन चलती थी। आज प्रधानमंत्री श्री मोदी ने सोनीपत स्टेशन से देश में पहली बार हाइड्रोजन ट्रेन को झंडी दिखाकर रवाना किया है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि विधानसभा के वर्षाकालीन सत्र में हमारी सरकार एक देश, एक विधान, एक प्रधान और एक निशान के संकल्प को पूरा करेगी। सभी धर्मों के लोगों के लिए एक समान कानून लागू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू करने के लिए उच्च स्तरीय समिति ने प्रदेशभर के करीब 10 लाख लोगों से सुझाव प्राप्त किये। लगभग 76 प्रतिशत मुस्लिम बहनों ने यूसीसी के पक्ष में अपना समर्थन दिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार आमजन के सुगम आवागमन के लिए %मुख्यमंत्री सुगम परिवहन बस सेवा% की शुरुआत कर रही है। राज्य सरकार सभी क्षेत्रों में विकास के नए कीर्तिमान स्थापित करते हुए आगे बढ़ रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि शिक्षा के साथ संस्कारों को जोड़ने के लिए प्रदेश के सभी जिलों और विकासखंडों में भव्य सांदीपनि विद्यालय खोले जा रहे हैं। जहां बच्चों को सर्व सुविधायुक्त भवनों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दी जा रही है। कार्यक्रम में पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथा टीकमगढ़ जिले की प्रभारी मंत्री श्रीमती कृष्णा गौर, वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री श्री दिलीप अहिरवार सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं बड़ी संख्या में आम नागरिक उपस्थित थे।

**खाट पर मरीज को 1.5 किमी तक ढोकर ले गए ग्रामीण, अस्पताल पहुंचने से पहले तोड़ा दम**

# 40 वर्षों से सड़क का इंतजार बना मौत का कारण





**गोटेगांव प्रतिनिधि-**=विकास के दावों के बीच गोटेगांव जनपद की ग्राम पंचायत नौली के भगड़ टोला की एक दर्दनाक घटना ने ग्रामीण क्षेत्रों की बदहाल सड़क व्यवस्था की हकीकत उजागर कर दी। गांव में आज तक पक्की सड़क नहीं बनने के कारण गंभीर रूप से बीमार एक व्यक्ति को ग्रामीणों ने खाट पर लिटाकर करीब डेढ़ किलोमीटर तक कच्चे और कीचड़ भरे रास्ते से बाहर निकाला। एम्बुलेंस तक पहुंचने में हुई देरी के कारण अस्पताल ले जाते समय उसकी मौत हो गई।

मृतक लगभग 38 वर्षीय श्रवण कैंसर से पीड़ित था और लंबे समय से उपचाररत था। परिजनों के अनुसार उसकी तबीयत अचानक बिगड़ने पर एम्बुलेंस गांव तक नहीं पहुंच सकी, क्योंकि गांव तक जाने वाला रास्ता पूरी तरह कच्चा और बारिश के कारण दलदल में तब्दील था। ऐसे में ग्रामीणों ने खाट का सहारा लिया और मरीज को कंधों पर उठाकर मुख्य मार्ग तक पहुंचाया। वहां से एम्बुलेंस द्वारा अस्पताल ले जाया गया, लेकिन चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

घटना के बाद ग्रामीणों में प्रशासन के प्रति गहरा आक्रोश है। उनका कहना है कि पिछले चार दशकों से सड़क निर्माण की मांग की जा रही है, लेकिन हर बार केवल आश्वासन ही मिले। बरसात के दिनों में गांव का संपर्क लगभग कट जाता है, जिससे मरीजों, गर्भवती महिलाओं, बुजुर्गों और स्कूली बच्चों को सबसे अधिक परेशानी उठानी पड़ती है।

**तीन दिन पहले भी सौंपा था ज्ञापन**

ग्रामीणों ने बताया कि घटना से तीन दिन पहले ही उन्होंने जिला प्रशासन को ज्ञापन देकर सड़क निर्माण की मांग उठाई थी। ज्ञापन में चेतावनी दी गई थी कि बारिश के मौसम में आपातकालीन स्थिति बनने पर किसी भी समय बड़ा हादसा हो सकता है। इसके बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई और अब एक ग्रामीण की जान चली गई।

**सात वर्ष पहले मिली थी मंजूरी, काम अब तक अधूरा**

ग्रामीणों के अनुसार गांव तक सड़क निर्माण का प्रस्ताव वर्षों पहले स्वीकृत हो चुका था, लेकिन आज तक निर्माण कार्य शुरू नहीं हो सका। इस कारण हर बारिश में गांव के लोगों को जान जोखिम में डालकर आवागमन करना पड़ता है।

**प्रशासन ने जांच का दिया भरोसा**

घटना की जानकारी मिलने के बाद संबंधित अधिकारियों ने मामले की जांच कराने और सड़क निर्माण संबंधी आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया है। हालांकि ग्रामीणों का कहना है कि अब उन्हें केवल आश्वासन नहीं, बल्कि शीघ्र सड़क निर्माण और जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय किए जाने की अपेक्षा है।

# शासकीय संदीपनी विद्यालय में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन, विद्यार्थियों ने ओजस्वी वक्तृत्व से जीता मन



**गोटेगांव प्रतिनिधि-** शासकीय संदीपनी विद्यालय, गोटेगांव में विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास, आत्मविश्वास और प्रभावी अभिव्यक्ति को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विभिन्न कक्षाओं के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए सामाजिक, शैक्षणिक, पर्यावरण संरक्षण, राष्ट्र निर्माण, शिक्षा का महत्व तथा नैतिक मूल्यों जैसे विषयों पर प्रभावशाली भाषण प्रस्तुत किए।

प्रतियोगिता के दौरान प्रतिभागियों ने अपने विचार स्पष्टता, तर्क और आत्मविश्वास के साथ प्रस्तुत किए। विद्यार्थियों के ओजस्वी वक्तव्यों ने उपस्थित शिक्षकों और साथियों का ध्यान आकर्षित किया। निर्णायकों ने प्रतिभागियों का मूल्यांकन विषयवस्तु, भाषा शैली, प्रस्तुति, उच्चारण और आत्मविश्वास के आधार पर किया।

विद्यालय के शिक्षकों ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, मंच संचालन कौशल और प्रभावी संवाद की कला विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। अंत में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया तथा सभी प्रतिभागियों के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी गईं। विद्यालय परिवार ने इस आयोजन को विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास की दिशा में एक सार्थक पहल बताया।

**बालाघाट के डायल-112 हीरोज**

भोपाल -बालाघाट जिले के थाना कोतवाली क्षेत्र में डायल-112 जवानों की संवेदनशीलता एवं तत्पर कार्यवाही से घर का रास्ता भटक गए 07 वर्षीय बालक को सुरक्षित उसके परिजनों से मिलाया गया। समय पर की गई सहायता से बालक सकुशल अपने परिवार तक पहुँच सका। 16 जुलाईको राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम डायल-112 भोपाल को सूचना प्राप्त हुई

**मान्यता- जहां खिलता है ब्रह्मकमल, वहां सुख-समृद्धि और मां लक्ष्मी की बनी रहती है कृपा**

# पूर्व पार्षद के घर खिला दुर्लभ ब्रह्मकमल, दर्शन के लिए उमड़ी भीड़



**गोटेगांव प्रतिनिधि-** नगर के किसानी मोहल्ला स्थित पूर्व पार्षद दीनू सिंह छिरा एवं गांधी वार्ड पार्षद श्रीमती कलावती दीनू सिंह छिरा के निवास पर दुर्लभ ब्रह्मकमल का पुष्प खिलने से क्षेत्र में श्रद्धा और उत्सुकता का माहौल बन गया। जैसे ही इसकी जानकारी लोगों तक पहुंची, पुष्प के दर्शन के लिए बड़ी संख्या में नागरिक घर पहुंचने लगे। देर रात तक दर्शनार्थियों का सिलसिला जारी रहा। ब्रह्मकमल को भारतीय संस्कृति और सनातन परंपरा में अत्यंत पवित्र एवं शुभ पुष्प माना जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार यह पुष्प सृष्टि के रचयिता भगवान ब्रह्मा से जुड़ा हुआ है और इसे उनका आसन भी कहा जाता है। ऐसी मान्यता है कि जिस घर में ब्रह्मकमल खिलता है, वहां सुख, शांति, समृद्धि और धन की अधिष्ठात्री मां लक्ष्मी की विशेष कृपा बनी रहती है तथा परिवार में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। पूर्व पार्षद परिवार ने इसे ईश्वर की कृपा और सौभाग्य का प्रतीक बताया। पुष्प की दुर्लभ सुंदरता ने हर किसी का मन मोह लिया। कई लोगों ने ब्रह्मकमल के दर्शन कर स्वयं को सौभाग्यशाली बताया और परिवार को शुभकामनाएं दीं। नगर में इस अनोखे पुष्प के खिलने की चर्चा पूरे दिन लोगों के बीच बनी रही।

# पदोन्नति पर प्रधान आरक्षक राजेश जाट का सम्मान, एएसआई के रूप में संभालेंगे नई जिम्मेदारी





**गोटेगांव प्रतिनिधि-** पुलिस विभाग में उत्कृष्ट सेवाओं का प्रतिफल मिलने पर प्रधान आरक्षक राजेश जाट को सहायक उप निरीक्षक (एएसआई) पद पर पदोन्नत किए जाने के उपलक्ष्य में एसडीओपी कार्यालय गोटेगांव में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर अधिकारियों एवं पुलिसकर्मियों ने उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट कर नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं। नरसिंहपुर जिला पुलिस अधीक्षक डॉ. ऋषिकेश मीणा ने पदोन्नति पर राजेश जाट को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल कार्यकाल की कामना की। उन्होंने कहा कि ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा और अनुशासन के साथ किया गया कार्य हमेशा सम्मान दिलाता है। समारोह में गोटेगांव पुलिस थाना में पदस्थ एसडीओपी मनीष त्रिपाठी ने कहा कि राजेश जाट ने अपने सेवाकाल में उत्कृष्ट कार्यशैली, अनुशासन और जिम्मेदारी का परिचय दिया है। उनका समर्पण पुलिस विभाग के अन्य कर्मचारियों के लिए प्रेरणास्रोत रहेगा तथा नई जिम्मेदारियों में भी वे इसी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करेंगे।गोटेगांव पुलिस थाना प्रभारी प्रदीप सराफ ने विश्वास व्यक्त किया कि एएसआई के रूप में राजेश जाट अपनी नई जिम्मेदारियों का सफलतापूर्वक निर्वहन करेंगे और विभाग की अपेक्षाओं पर खरे उतरेंगे। कार्यक्रम में वंदना दुबे, राजेंद्र पटेल, अतुल तिवारी, अनिल टेकाम, हाकम चढ़ार सहित थाना एवं एसडीओपी कार्यालय का स्टाफ उपस्थित रहा। सभी ने एएसआई राजेश जाट का अभिनंदन करते हुए उनके सफल एवं गौरवपूर्ण कार्यकाल की मंगलकामनाएं व्यक्त की हैं।

**720 में से 696 स्कोर; टॉप मेडिकल एस्पिरेंट्स बनाने की आकाश की विरासत को जारी रखा।**

## आकाश एजुकेशनल सर्विसेज़ लिमिटेड एईएसएल के स्टूडेंट आर्यमन सोलंकी एनईईटी G 2026 मे AIR 46 के साथ मध्य प्रदेश स्टेट टॉपर बने



जबलपुर-(नगर प्रतिनिधि) टेस्ट की तैयारी कराने वाली सर्विसेज़ में नेशनल लीडर, आकाश एजुकेशनल सर्विसेज़ लिमिटेड ने गर्व से घोषणा की कि जबलपुर ब्रांच के क्लासरूम प्रोग्राम के स्टूडेंट आर्यमन सोलंकी, नेशनल एलिजिबिलिटी कम एंट्रेंस टेस्ट एनईईटी 2026 में 720 में से 696 शानदार मार्क्स के साथ ऑल इंडिया रैंक 46 हासिल करके मध्य प्रदेश स्टेट टॉपर बने हैं। यह शानदार परफॉर्मेंस आर्यमन की लगातार कड़ी मेहनत, पक्के इरादे और डिसिप्लिन्ड तैयारी को दिखाता है, जिसे आकाश में एकेडमिक मेंटरशिप और स्ट्रक्चर्ड लर्निंग इकोसिस्टम का सपोर्ट मिला है। एईएसएल ने एक बार फिर एनईईटी त 2026 में शानदार परफॉर्मेंस देकर मेडिकल एंट्रेंस की तैयारी के लिए भारत के सबसे भरोसेमंद इंस्टीट्यूट के तौर पर अपनी जगह पक्की की है। इस साल, आकाश के स्टूडेंट्स ने टॉप 10 में चार स्टूडेंट्स, टॉप 50 में 18 स्टूडेंट्स और देश भर में टॉप 100 में 41 स्टूडेंट्स के साथ टॉप रैंक हासिल की और यह संख्या बढ़ती जा रही है। ये शानदार नतीजे एईएसएल (श्वस्रु) की एकेडमिक एक्सीलेंस की विरासत, इसके स्टूडेंट-सेंट्रिक अप्रोच और एक्सपर्ट फैकल्टी, कॉम्प्रिहेंसिव स्टडी मटीरियल, कड़ी टेस्टिंग और पर्सनलाइज्ड मेंटरिंग के ज़रिए देश भर में लगातार टॉप-रैंकिंग वाले मेडिकल एस्पिरेंट्स तैयार करने की इसकी क्षमता को दिखाते हैं।

# माथुर वैश्य जबलपुर द्वारा रक्तदान शिविर सम्पन्न



जबलपुर । (नगर प्रतिनिधि) अखिल भारतीय माथुर वैश्य महासभा के आह्वान पर माथुर वैश्य शाखा सभा जबलपुर द्वारा माथुर वैश्य गुप्ता भवन सरकारी कुआं रोड शीतला माई में रक्तदान और स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया शाखा सभा अध्यक्ष श्री राम सेवक गुप्ता के नेतृत्व में रक्तदान प्रभारी मयंक गुप्ता द्वारा कार्यक्रम का संचालन किया गया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि श्रीमती एकता राहुल गुप्ता एवं श्री राम मोहन गुप्ता कल्लन पूर्व पार्षद का सम्मान किया गया महिला मंडल की विशेष सहभागिता से कार्यक्रम में नई ऊर्जा का संचार हुआ ।

प्रायोजक श्रीमती विमलेश कोठारी रही। सभी रक्त वीरों और रक्त वीरांगनाओं का सम्मान किया गया और आगे समाज के हित में ऐसे ही रक्तदान करते रहने के लिए सबको प्रेरित किया गया । मानव सेवा के इस यज्ञ में 65 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ। सबने मिल इस महान दान के लिए संकल्प लिया कि आगे भी ऐसे ही देश सेवा में शिविर आयोजित होते रहेंगे। इस अवसर पर राजकुमार गुप्ता, राकेश गुप्ता, मनोज गुप्ता, सुशील गुप्ता, संतोष गुप्ता, मालती गुप्ता, कुमकुम गुप्ता, अभिलाषा गुप्ता, रेणु गुप्ता, मीना गुप्ता, डिम्पल गुप्ता आदि की उपस्थिति उल्लेखनीय रही

# सम्पादकीय

अभिव्यक्ति हमारा जन्मसिद्ध अधिकार है।




हिंदू धर्म में मां गायत्री को वेदों की जननी, ज्ञान और पवित्रता की देवी माना जाता है। मां गायत्री को वेदों की माता, देवमाता और विश्वमाता के रूप में भी जाना जाता है। मां गायत्री को पांच मुख वाली देवी के रूप में दर्शाया गया है। उनके यह पांच मुख पंचतत्वों का प्रतीक है। मां गायत्री की पूजा करने से व्यक्ति को समृद्धि, ज्ञान और मोक्ष की प्राप्ति होती है। बता दें कि यदि कोई जातक की कोई मनोकामना है, तो उसको पूरा करने के लिए रोजाना गायत्री चालीसा का पाठ करना चाहिए।



## भारत की भूमिका दर्शक भर की

नई दुनिया को परिभाषित करने वाली तकनीकों में अपना प्रतिमान बनाने की होड़ में भारत बहुत पीछे छूट गया है। नतीजतन अमेरिकी या चीनी प्रतिमानों में से किसी एक पर निर्भर होना हमारी नियति बन गई है। खबर है कि फेबल-5 और माइथोस-5 जैसे उन्नत आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस मॉडल्स तक विदेशियों की पहुंच रोकने के डॉनल्ड ट्रंप प्रशासन के आदेश के बाद भारत की बड़ी कंपनियां भी चीन के ऑपेन सोर्स मॉडल वाले एआई एजेंट्स की सेवाएं ले रही हैं। सस्ता होने के कारण स्टार्ट-अप कंपनियों के बीच पहले से ही चीनी मॉडल लोकप्रिय हैं। स्पष्टत: यह रुझान हाई टेक क्षेत्र में हमारी निराशाजनक उपस्थिति का प्रमाण है। नई दुनिया जिन तकनीकों से परिभाषित होगी, उनमें भारत की मौजूदगी महज हेडलाइन और नैरेटिव निर्माण तक सीमित है। जबकि कड़वी हकीकत यह है कि उन तकनीकों में अपना मॉडल और प्रतिमान बनाने के लक्ष्य में भारत बहुत पीछे छूट गया है। ऐसे में अमेरिकी या चीनी प्रतिमानों में से किसी एक पर निर्भर होना हमारी नियति बन गई है।

एआई के बाद अब क्वांटम कंप्यूटिंग में अमेरिका और चीन के बीच तीखी होड़ शुरू हो चुकी है। हाल ही में अमेरिकी राष्ट्रपति ने क्वांटम कंप्यूटिंग को राष्ट्रीय रणनीतिक संपत्ति घोषित करने वाले कार्यकारी आदेशों पर हस्ताक्षर किए। साथ ही अमेरिकी कंपनियों के लिए दो बिलियन डॉलर के विशेष पैकेज की घोषणा की। विशेषज्ञों के मुताबिक यह नए तकनीक युद्ध की शुरुआत है। अमेरिका का ध्यान विशेष रूप से क्वांटम वेफर उत्पादन और जीपीएस की जगह लेने वाले क्वांटम सेंसर्स के सैन्य इस्तेमाल पर केंद्रित है, ताकि भविष्य के युद्धों में सिग्नल जैमिंग जैसी चुनौतियों को बेअसर किया जा सके। मगर चीन इस बिसात पर पीछे नहीं है।

## बांकीपुर उपचुनाव 2026- भाजपा उम्मीदवार के यकायक बदलाव से उभरने लगे सुलगते सवाल?

भाजपा ने कोई आधिकारिक जानकारी नहीं दी, इसलिए सबकुछ भविष्य पर निर्भर- चूंकि बांकीपुर उपचुनाव में उम्मीदवार बदलने के पीछे के अंदरूनी कारणों पर अभी तक भाजपा ने कोई आधिकारिक जानकारी नहीं दी है। इसलिए किसी एक कारण को तथ्य के रूप में कहना उचित नहीं होगा।

भोजपुरी में एक कहावत है- लइका मालिक, बूढ़ दीवान, मामला बिगड़े साँझ बिहान। यानी कि जिस घर का लड़का मालिक होता है और बूढ़ा व्यक्ति दीवान मतलब सलाहकार की भूमिका में आ जाता है तो वहां अच्छे और कार्यकुशल सुझावों पर भी विलंब से निर्णय होने के चलते मामला साँझ यानी शाम से सुबह तक कभी भी उलझ यानी बिगड़ जाता है। यदि पुरानी कुछ बातों को भूला भी दिया जाए तो हाल ही में बांकीपुर उपचुनाव में भाजपा द्वारा घोषित उम्मीदवार अभिषेक कुमार सिन्हा (बंटी) का नामांकन वापस लेकर नीरज कुमार सिन्हा को उम्मीदवार बनाए जाने से पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन की काफी किरकिरी हुई है।

चूंकि उनका चयन प्रधानमंत्री मोदी के स्तर पर यकायक हुआ है, इसलिए उँगली प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तरफ भी उठी। बात इतनी सी नहीं है, बल्कि केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और उनके चहेते मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की सियासी रणनीति भी अचानक सवालों के घेरे में आ गई। यही वजह है कि नई दिल्ली से लेकर पाटलिपुत्र/पटना के सियासी गलियारों में राजनीतिक चर्चाओं का दौर तेज हो गया है। लोग एक दूसरे से यह जानना चाह रहे हैं कि आखिर बांकीपुर उपचुनाव की उठापटक में हुए उम्मीदवार बदल के निर्णायक निर्णय में किसका पलड़ा भारी रहा- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन का या केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और बिहार के मुख्यमंत्री सह गृहमंत्री सम्राट चौधरी का!

यक्ष प्रश्न है कि बांकीपुर उपचुनाव में भाजपा को अपने ही घोषित उम्मीदवार को बदलने की नौबत क्यों आई? क्या यह राष्ट्रीय अध्यक्ष और प्रदेश अध्यक्ष की विफलता नहीं है? क्या यह प्रधानमंत्री या मुख्यमंत्री या दोनों को गुमराह करके बदनाम करने की कोई नई चाल तो नहीं है? या फिर कुछ और बात है, एक तहकीकात तो बनती है, ताकि भविष्य में ऐसे फैसलों से बचा जा सके। वाकई बांकीपुर उपचुनाव में भाजपा द्वारा पहले अभिषेक कुमार (बंटी) को उम्मीदवार बनाना और फिर उनका नाम वापस लेकर नीरज कुमार सिन्हा को उम्मीदवार घोषित करना स्वाभाविक रूप से कई सवाल खड़े करता है। आधिकारिक तौर पर अभिषेक कुमार ने पारिवारिक कारणों का हवाला देकर नामांकन वापस लिया है।

हालांकि राजनीतिक हलकों और मीडिया चर्चाओं में कुछ संभावित कारणों की चर्चा है, जिन्हें केवल अटकलों या विश्लेषण के रूप में ही देखा जाना चाहिए। चूंकि राष्ट्रीय व सूबाई मीडिया के राजनीतिक विश्लेषण में कुछ संभावित पहलुओं पर चर्चा हो रही है जो लाजिमी है और इसप्रकार से हैं-

पहली, उम्मीदवार की पृष्ठभूमि पर मिली नई जानकारी से उभरी चिंताएं- कुछ मीडिया रिपोर्टों में दावा किया गया है कि उम्मीदवार से जुड़े एक संभावित विवाद की जानकारी नामांकन के बाद सामने आने पर पार्टी ने जोखिम लेने के बजाय उम्मीदवार बदलना ही बेहतर समझा। चूंकि नामांकन के बाद कुछ ऐसी सूचनाएं सामने आईं जिन्हें पार्टी चुनावी दृष्टि से जोखिमपूर्ण मान रही थी। हालांकि इस पर भाजपा की ओर से कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

दूसरी, स्थानीय संगठन की असहमति- कुछ विश्लेषकों का मानना है कि पटना महानगर और बांकीपुर के स्थानीय नेताओं का एक वर्ग घोषित उम्मीदवार के पक्ष में पूरी तरह सहज नहीं था। यदि ऐसा था, तो चुनाव प्रबंधन प्रभावित होने की आशंका रही होगी।

तीसरी, जीत की संभावना - भाजपा बांकीपुर को अपनी परंपरागत मजबूत सीट मानती है। यदि आंतरिक सर्वे या फीडबैक में उम्मीदवार को लेकर नकारात्मक संकेत मिले हों, तो अंतिम समय में बदलाव को बेहतर विकल्प माना गया होगा। राजनीति

चौथी, विपक्ष को मुद्दा बनने से रोकना- यदि पार्टी को लगा कि उम्मीदवार से जुड़ा कोई विवाद चुनाव प्रचार के दौरान बड़ा मुद्दा बन सकता है, तो उसने पहले ही उम्मीदवार बदलकर संभावित नुकसान कम करने की कोशिश की हो सकती है।

पांचवीं, क्या यह नेतृत्व की विफलता है?- इसके दो पक्ष हैं-यदि उम्मीदवार की पूरी जांच के बाद ही नाम घोषित हुआ था और बाद में वही कारण बदलने की वजह बना, तो प्रारंभिक जांच प्रक्रिया पर सवाल उठना स्वाभाविक है।

लेकिन यदि नामांकन के बाद कोई नई और महत्वपूर्ण जानकारी सामने आई, तो उम्मीदवार बदलना संगठन की त्वरित प्रतिक्रिया भी माना जा सकता है।

छठी, क्या यह संगठन की विफलता है?- यदि किसी उम्मीदवार को केंद्रीय चुनाव समिति तक मंजूरी मिलने के बाद बदलना पड़े, तो यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि प्रारंभिक जांच पूरी तरह हुई थी या नहीं। इस दृष्टि से आलोचक इसे संगठनात्मक कमी मान सकते हैं। या फिर यह नुकसान सीमित करने की रणनीति थी?

सातवीं, नुकसान नियंत्रित करने की रणनीति - यह भी तर्क दिया जा सकता है कि यदि नामांकन के बाद कोई नई जानकारी सामने आए और पार्टी तुरंत निर्णय लेकर उम्मीदवार बदल दे, तो इसे नुकसान नियंत्रित करने की रणनीति भी माना जा सकता है। ऐसी स्थिति में बाद में बड़ा विवाद झेलने की बजाय तत्काल निर्णय लेना नेतृत्व की सक्रियता भी माना जा सकता है।

## आस्था, परम्परा, आध्यात्मिक चेतना का विराट उत्सव

आषाढ़ शुक्ल द्वितीया से प्रारम्भ होकर दस दिनों तक चलने वाली भगवान श्री जगन्नाथ की रथयात्रा केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि भारत की सांस्कृतिक चेतना, लोकआस्था, सामाजिक समरसता और आध्यात्मिक दर्शन का विराट उत्सव है। पुरी की यह महायात्रा हजारों वर्षों की परम्परा का जीवंत प्रतीक है, जिसमें भगवान स्वयं अपने भक्तों के बीच आते हैं। इसी कारण इसे 'महायात्रा' कहा जाता है। भारत के चार धामों में प्रतिष्ठित श्री जगन्नाथ धाम की यह यात्रा देश ही नहीं, सम्पूर्ण विश्व के करोड़ों श्रद्धालुओं के आकर्षण का केन्द्र बनती है। वर्ष 2026 की रथयात्रा भी अपार श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाई जा रही है, किन्तु इस बार इसके साथ एक नया विवाद भी जुड़ गया है। देश एवं विदेश के अनेक स्थानों पर इस्कॉन द्वारा स्थानीय परिस्थितियों के अनुसार अलग-अलग तिथियों पर रथयात्राएं आयोजित किए जाने पर कुछ धार्मिक एवं परम्परावादी संगठनों ने आपत्ति व्यक्त की है। उनका मत है कि जगन्नाथ रथयात्रा की तिथि वही होनी चाहिए जो पुरी श्रीमंदिर द्वारा निर्धारित होती है। दूसरी ओर इस्कॉन का तर्क है कि विदेशों में स्थानीय प्रशासन की अनुमति, सार्वजनिक अवकाश, मौसम तथा अन्य व्यावहारिक कारणों से कभी-कभी तिथि में परिवर्तन आवश्यक हो जाता है। यह विवाद केवल तिथि का नहीं, बल्कि परम्परा और वैश्विक विस्तार के बीच संतुलन खोजने का विषय बन गया है। दक्षिण-एशियाईऔर प्रवासी वास्तव में यह समझना आवश्यक है कि पुरी की रथयात्रा और अन्य स्थानों पर आयोजित रथयात्राओं का स्वरूप अलग-अलग हो सकता है, किन्तु उनका मूल उद्देश्य भगवान जगन्नाथ की भक्ति, लोककल्याण और धर्मप्रचार ही है। यदि परम्परा का सम्मान बना रहे और श्रद्धा अक्षुण्ण रहे तो मतभेद संवाद के माध्यम से सुलझाए जा सकते हैं। धर्म का मूल स्वरूप जोड़ना है, विभाजन करना नहीं। पुरी का श्रीमंदिर भगवान जगन्नाथ का मुख्य धाम है। लगभग 800 वर्ष पुराने इस मंदिर में भगवान श्रीकृष्ण जगन्नाथ स्वरूप में अपने बड़े भाई बलभद्र एवं बहन सुभद्रा के साथ विराजमान हैं।

## देश की भावी पीढ़ी को नशे से बचाना है तो - सरकार और समाज साथ आएँ



दुनिया में कोई भी व्यक्ति, चाहे वह किसी भी जाति, मजहब या धर्म का हो अथवा कितना भी दुर्दांत और कुख्यात अपराधी क्यों न हो, कभी यह नहीं चाहेगा कि उसके बच्चे नशीले पदार्थों का सेवन करें या अपराध की दुनिया में कदम रखें। हर माता-पिता अपने बच्चों को बेहतर संस्कार, उत्तम शिक्षा और सुरक्षित भविष्य देने का सपना देखते हैं। विडंबना यह है कि मादक पदार्थों की तस्करी में लिप्त लोग भी अपने बच्चों को नशे से कोसों दूर रखते हैं, लेकिन दूसरों के बच्चों को नशे की गिरफ्त में धकेल कर अपने परिवार का भविष्य संवारने का प्रयास करते हैं। यह सामाजिक और नैतिक पतन का सबसे भयावह स्वरूप है। इतिहास गवाह है कि कोई भी युद्ध हो या सामाजिक अभियान, जनभागीदारी के बिना उसकी सफलता अधूरी रहती है। सरकारें चाहे कितने ही प्रयास कर लें, यदि समाज स्वयं जिम्मेदारी नहीं निभाता तो ऐसे अभियान केवल औपचारिकता बनकर रह जाते हैं। यही स्थिति देश में नशा मुक्ति अभियान की भी है। केंद्र और राज्य सरकारें वर्षों से युवाओं को नशे की लत से बचाने के लिए जागरूकता अभियान चला रही हैं। समय समय पर कानूनों को सख्त किया जाता है, तस्करों के विरुद्ध कार्रवाई होती है और जनजागरण कार्यक्रम भी आयोजित किए जाते हैं। इसके बावजूद भारत में मादक पदार्थों का अवैध कारोबार लगातार बढ़ता जा रहा है। यह हमारे सुरक्षा तंत्र, सामाजिक चेतना और सामूहिक जिम्मेदारी तीनों के लिए गंभीर चुनौती है। यह स्वीकार करने का समय आ गया है कि नशे की समस्या अब केवल महानगरों तक सीमित नहीं रही। यह छोटे शहरों, कस्बों और दूरदराज के ग्रामीण अंचलों तक अपने पैर पसार चुकी है। नशे का यह मकड़जाल देश की युवा पीढ़ी को तेजी से अपनी गिरफ्त में ले रहा है, जो अत्यंत चिंताजनक है। यदि समय रहते इस पर प्रभावी नियंत्रण नहीं किया गया तो इसके दूरगामी दुष्परिणाम पूरे समाज को भुगतने पड़ेंगे। सरकारें हर वर्ष अपनी क्षमता के अनुसार नशा मुक्ति के लिए अभियान चलाती हैं, लेकिन सामाजिक भागीदारी और राजनीतिक एकजुटता के अभाव में इन प्रयासों का अपेक्षित परिणाम नहीं मिल पाता। नशे का कारोबार किसी भी देश के लिए आतंकवाद से कम खतरनाक नहीं है, क्योंकि आतंकवाद सीमित समय और क्षेत्र में नुकसान पहुंचाता है, जबकि नशा धीरे धीरे पूरी पीढ़ी को भीतर से खोखला कर देता है। यदि वास्तव में भारत को नशामुक्त बनाना है तो केंद्र और राज्य सरकारों के साथ-साथ सभी धर्मों, सामाजिक संगठनों, शैक्षणिक संस्थानों और जागरूक नागरिकों को भी आगे आना होगा। प्रत्येक समाज को अपने बीच छिपे उन लोगों की पहचान करनी होगी जो मादक पदार्थों के अवैध कारोबार में संलिप्त हैं, चोरी छिपे नशा बेचते हैं या ऐसे अपराधियों को संरक्षण प्रदान करते हैं। जब तक समाज स्वयं ऐसे तत्वों को बेनकाब कर उनका सामाजिक बहिष्कार नहीं करेगा, तब तक कोई भी सरकार इस अवैध कारोबार को स्थायी रूप से समाप्त नहीं कर सकती। आज आवश्यकता केवल सरकारी कार्रवाई की नहीं, बल्कि सामाजिक जागरण की है। अभिभावकों, शिक्षकों, धार्मिक नेताओं, सामाजिक संस्थाओं और युवाओं को मिलकर ऐसा वातावरण तैयार करना होगा, जहाँ नशे के प्रति घृणा और स्वस्थ जीवन के प्रति सम्मान की भावना विकसित हो। यही वह सामूहिक शक्ति है जो नशे के नेटवर्क को कमजोर कर सकती है। देश की भावी पीढ़ी को नशे से बचाना केवल सरकार का दायित्व नहीं, बल्कि पूरे समाज का नैतिक कर्तव्य है। यदि सरकार और समाज कंधे से कंधा मिलाकर इस अभियान को जन आंदोलन का स्वरूप दें, तभी हम अपनी युवा पीढ़ी को सुरक्षित भविष्य दे सकेंगे और एक स्वस्थ, सशक्त तथा नशा मुक्त भारत का निर्माण कर पाएँगे।


अरविंद रावल
गोपाल कॉलोनी, झाबुआ म.प्र.


## 25 जुलाई से बदलेगा इन 3 राशियों का भाग्य, करियर में होगा बड़ा उछाल

देवशयनी एकादशी इस साल 25 जुलाई को मनाई जाएगी। ज्योतिष के अनुसार, यह दिन मेष, वृषभ और कन्या राशि वालों के लिए शुभ माना जा रहा है। मेष राशि वालों को करियर और कमाई में फायदा, वृषभ राशि वालों को मेहनत का फल और आर्थिक मजबूती, जबकि कन्या राशि वालों को नए मौके और पैसों से जुड़ी खुशखबरी मिल सकती है। इस दिन भगवान विष्णु की पूजा करना शुभ माना जाता है।इस साल देवशयनी एकादशी 25 जुलाई, शनिवार को मनाई जाएगी। मान्यता है कि इसी दिन भगवान विष्णु चार महीने के लिए योगनिद्रा में चले जाते हैं। इसी के साथ चातुर्मास की भी शुरुआत होती है। हालांकि इस दौरान भी भगवान विष्णु की पूजा और एकादशी का व्रत उतना ही शुभ माना जाता है।

मेष राशि वालों को करियर में मिल सकती है नई सफलता

देवशयनी एकादशी मेष राशि वालों के लिए अच्छी खबर लेकर आ सकती है। भगवान विष्णु की कृपा से कमाई के नए मौके मिल सकते हैं। अगर आपने पहले कहीं निवेश किया है, तो उससे फायदा होने की संभावना है। हालांकि कोई भी बड़ा फैसला लेने से पहले अच्छी तरह सोच लें। नौकरी या बिजनेस में आगे बढ़ने के मौके मिल सकते हैं और आपकी मेहनत का अच्छा रिजल्ट देखने को मिलेगा। बस जरूरत से ज्यादा कॉन्फिडेंट होने से बचें,

## यूके व्यापार समझौते से प्रत्येक भारतीय के लिए बड़े अवसर खुलेंगे


पीयूष गोयल


आज से, यूके को होने वाले भारत के लगभग सभी निर्यात पर कोई सीमा शुल्क नहीं लगेगा। इससे हमारे छोटे व्यवसायों, किसानों, मछुआरों, नवोन्मेषकों, महिलाओं और श्रम-प्रधान उद्योगों के लिए बड़े अवसर खुलेंगे, क्योंकि परिवर्तनकारी 'व्यापक आर्थिक और व्यापार समझौता' (सीईटीए) आज से लागू हो रहा है।

यह भारत का सबसे व्यापक मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) है और यह बड़ी संख्या में नौकरियों और व्यापार- अवसरों का सृजन करके समृद्धि लाएगा। इससे भारतीय निर्माताओं को धीरे-धीरे स्वस्थ प्रतिस्पर्धा करने का मौका मिलेगा और हर नागरिक को प्रतिस्पर्धी कीमतों पर उच्च गुणवत्ता वाले सामान प्राप्त करने का लाभ मिलेगा। इससे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत 2047 मिशन को भी तेज गति मिलेगी।

व्यवसायियों में उत्साह है। उनके पास यूके को माल भेजने के लिए विस्तृत योजनाएं हैं। रत्न और आभूषण निर्यातकों को उम्मीद है कि यूके को होने वाला निर्यात अगले तीन साल या उससे भी कम समय में 230त्न बढ़कर 2.5 अरब डॉलर हो जाएगा, जबकि इंजीनियरिंग वस्तुओं के निर्यातकों को उम्मीद है कि अगले 4-5 सालों में यूके को होने वाली बिक्री लगभग दोगुनी होकर 7.5 अरब डॉलर तक पहुँच जाएगी।

पिछले साल प्रधानमंत्री मोदी और ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टारमर की मौजूदगी में हस्ताक्षर हुए इस समझौते से, जो दोनों पक्षों के लिए फायदेमंद है, लगभग 99त्न टैरिफ लाइनों पर शुल्क तुरंत समाप्त हो जाएगा। इसमें लगभग 100त्न व्यापार मूल्य शामिल है, जिससे भारतीय निर्यात, जो वैश्विक उथल-पुथल के बावजूद पहले से ही तेज़ी से बढ़ रहा है, के लिए अपार अवसर पैदा होंगे। युवा सोच, वैश्विक अवसरङ्क यह जन-केंद्रित एफटीए 15 जुलाई से लागू हो रहा है, जो विश्व युवा कौशल दिवस भी है। 2015 में इसी दिन पीएम मोदी ने कौशल भारत मिशन की शुरुआत की थी, जो हमारे युवाओं को न सिर्फ भारत में बल्कि वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने, योगदान देने और नेतृत्व करने में सक्षम बना रहा है।

भारतीय युवाओं के लाभ के लिए, यूके ने अब तक की अपनी सबसे व्यापक सेवा-संबंधी प्रतिबद्धता व्यक्त की है, जिसमें सभी प्रमुख सेवा क्षेत्र और भारत के लिए निर्यात की दृष्टि से महत्वपूर्ण 137 उप-क्षेत्र शामिल हैं। बेहतर बाजार पहुँच और नियामक स्पष्टता से भारतीय सेवा प्रदाताओं को आईटी और आईटी-सक्षम सेवाओं, वित्तीय सेवाओं, पेशेवर सेवाओं, स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा, इंजीनियरिंग, दूरसंचार और परामर्श सेवाओं में समर्थन मिलेगा।

रोज़गार के अवसर - युवाओं को रोज़गार के ज़्यादा मौके मिलेंगे, क्योंकि बेहतर पहुँच के साथ रत्न और आभूषण, वस्त्र, चमड़ा और जूते, जैविक रसायन, प्लास्टिक, वाहन कल-पुर्जे, हस्तशिल्प और खाद्य प्रसंस्करण जैसे श्रम-गहन क्षेत्र अपने कामकाज का विस्तार करेंगे।

## काली हल्दी के धार्मिक रहस्य जानिए, धन समृद्धि और सौभाग्य से जुड़ी प्राचीन मान्यताएं

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार काली हल्दी की प्राप्ति सौभाग्य का संकेत मानी जाती है। लोकविश्वास है कि यदि किसी व्यक्ति को प्राकृतिक रूप से काली हल्दी की गांठ प्राप्त हो जाए तो उसे अत्यंत शुभ माना जाता है। ऐसी मान्यता है कि इसे भगवान विष्णु और माता महालक्ष्मी की प्रतिमा के समीप स्थापित कर श्रद्धापूर्वक पूजा करने से घर में सकारात्मक वातावरण, सुख-शांति और समृद्धि का वास होता है।

तंत्र परंपरा में काली हल्दी को हरिद्रा तंत्र का महत्वपूर्ण अंग माना गया है। धार्मिक मान्यता के अनुसार स्वच्छ पीले या लाल वस्त्र में काली हल्दी की गांठ के साथ चांदी का सिक्का अथवा अन्य शुभ धातु का सिक्का रखकर पूजन किया जाता है। इसके बाद इस पोटली को घर की तिजोरी, पूजा स्थल या व्यापारिक प्रतिष्ठान के गल्ले में रखने की परंपरा प्रचलित है। लोकविश्वास है कि इससे आर्थिक उन्नति और धन संबंधी बाधाओं में कमी आती है।

हरिद्रा तंत्र की साधना सामान्यत: शुक्ल पक्ष अथवा कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि से प्रारंभ करने का उल्लेख मिलता है। धार्मिक परंपरा के अनुसार सूर्योदय के समय स्नानादि से निवृत्त होकर पूर्व दिशा की ओर मुख करके भगवान सूर्य को प्रणाम किया जाता है तथा ? ह्रीं सूर्याय नम: मंत्र का 108 बार जप किया जाता है।

## भारत के वस्त्र उद्योग में सततता की बुनावट- भारत की वस्त्र मूल्य श्रृंखला में चक्रीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देना

भारत का वस्त्र एवं परिधान उद्योग देश की अर्थव्यवस्था, विनिर्माण और निर्यात का एक मजबूत आधार है। यह क्षेत्र सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में लगभग 2 प्रतिशत तथा विनिर्माण सकल मूल्य संवर्धन में लगभग 11 प्रतिशत का योगदान देता है। भारत वैश्विक स्तर पर वस्त्र एवं परिधान का छठा सबसे बड़ा निर्यातक है और विश्व निर्यात में उसकी लगभग 4 प्रतिशत हिस्सेदारी है। यह उद्योग 4.5 करोड़ से अधिक लोगों को प्रत्यक्ष रोजगार उपलब्ध कराता है, जिनमें बड़ी संख्या में महिलाएं और ग्रामीण श्रमिक शामिल हैं।

बदलते वैश्विक बाजार और पर्यावरण के प्रति बढ़ती जागरूकता के बीच भारत अब वस्त्र उद्योग में चक्रीय अर्थव्यवस्था (सर्कुलर इकोनॉमी) को बढ़ावा देकर सतत विकास की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। सरकार जैविक रेशों, सुरक्षित रसायनों, पुनर्चक्रण, अपशिष्ट प्रबंधन, पर्यावरण-अनुकूल प्रमाणन और उत्पादों की ट्रेसबिलिटी (उत्पत्ति का पता लगाने की व्यवस्था) जैसी पहलों को प्रोत्साहित कर रही है।

क्या है चक्रीय अर्थव्यवस्था

चक्रीय अर्थव्यवस्था ऐसी व्यवस्था है, जिसमें उत्पादों और संसाधनों का अधिकतम समय तक उपयोग किया जाता है। पुराने उत्पादों का पुन: उपयोग, पुनर्चक्रण और अपसाइक्लिंग (पुरानी वस्तु को अधिक उपयोगी उत्पाद में बदलना) करके अपशिष्ट और प्रदूषण को कम किया जाता है। इससे प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण होता है और उत्पादन अधिक टिकाऊ बनता है।

भारत में वस्त्र अपशिष्ट का बड़ा हिस्सा हो रहा पुन: उपयोग

भारत में हर वर्ष लगभग 78 लाख टन वस्त्र अपशिष्ट का प्रबंधन किया जाता है। इनमें से 90 प्रतिशत से अधिक अपशिष्ट कारखानों और उपभोक्ताओं से प्राप्त होता है। कुल अपशिष्ट का 70 प्रतिशत से अधिक भाग पुन: प्राप्त कर पुनर्चक्रण, पुन: उपयोग या अपसाइक्लिंग में लगाया जाता है।

उपभोक्ता से पहले उत्पन्न होने वाले वस्त्र अपशिष्ट का लगभग 95 प्रतिशत संगठित मूल्य श्रृंखला के माध्यम से वापस उत्पादन में उपयोग किया जाता है। कताई उद्योग में लगभग पूरा अपशिष्ट पुन: उत्पादन प्रक्रिया में शामिल कर लिया जाता है। वहीं उपयोग के बाद फेंके गए वस्त्रों का लगभग 55 प्रतिशत लैंडफिल में जाने से बचा लिया जाता है।

यह संपूर्ण व्यवस्था देश में 40 से 45 लाख लोगों की आजीविका का आधार बनी हुई है, जिसमें महिलाओं और वंचित वर्गों की महत्वपूर्ण भूमिका है।

देश के सफल वस्त्र पुनर्चक्रण मॉडल

नवी मुंबई मॉडल

नवी मुंबई के बेलापुर में देश की पहली नगर निगम आधारित वस्त्र पुनर्प्राप्ति सुविधा स्थापित की गई है। यहां अब तक 30 मीट्रिक टन वस्त्र अपशिष्ट एकत्र किया गया, 25.5 मीट्रिक टन की छंटाई की गई तथा 41 हजार से अधिक उत्पाद तैयार किए गए हैं। 400 से अधिक अपसाइक्लिंग नमूने विकसित किए गए और 1.14 लाख परिवारों तक इसकी पहुंच बनी है।

पानीपत बना पुनर्चक्रण का प्रमुख केंद्र

हरियाणा का पानीपत देश का सबसे बड़ा वस्त्र पुनर्चक्रण केंद्र बन चुका है। यहां प्रतिदिन लगभग 3500 से 5250 टन वस्त्र अपशिष्ट का प्रसंस्करण किया जाता है। यहां संग्रहण, छंटाई, पुनर्चक्रण और बुनाई की समग्र व्यवस्था विकसित हो चुकी है।

मंगोलपुरी का कतरन बाजार

दिल्ली के मंगोलपुरी में स्थित कतरन बाजार अनौपचारिक क्षेत्र के सफल पुनर्चक्रण मॉडल का उदाहरण है। यहां प्रतिदिन 10 टन से अधिक कपड़े की कतरन छांटकर पानीपत भेजी जाती है, जिससे पुनर्चक्रण उद्योग को कच्चा माल मिलता है।

जैविक रेशों और प्राकृतिक फाइबर को बढ़ावा

सरकार जैविक कपास और अन्य प्राकृतिक रेशों के उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए कई योजनाएं चला रही है।

राष्ट्रीय जैविक उत्पादन कार्यक्रम के माध्यम से जैविक कपास सहित विभिन्न उत्पादों का प्रमाणन किया जा रहा है।

जूट-आईकेयर कार्यक्रम के जरिए वैज्ञानिक जूट खेती, बेहतर बीज और आधुनिक तकनीक को बढ़ावा दिया जा रहा है।

न्यू एज फाइबर मिशन के अंतर्गत रेमी, सिसल, अलसी जैसे प्राकृतिक रेशों के उत्पादन को प्रोत्साहित किया जा रहा है।

राष्ट्रीय फाइबर योजना घरेलू फाइबर उत्पादन बढ़ाने तथा आयात पर निर्भरता कम करने पर केंद्रित है।

खतरनाक रसायनों पर सख्ती

सरकार वस्त्र उद्योग में हानिकारक रसायनों के उपयोग को कम करने के लिए कई कदम उठा रही है।

भारत में बेंजिडीन आधारित रंगों और 70 प्रकार के एजो डाई पर प्रतिबंध लगाया जा चुका है। इसके अलावा भारत स्टॉकहोम कन्वेंशन के तहत स्थायी कार्बनिक प्रदूषकों पर नियंत्रण की दिशा में भी कार्य कर रहा है।

वस्त्र फैशन आपूर्ति श्रृंखला से खतरनाक रसायनों को हटाने की परियोजना के अंतर्गत 400 कारखानों को शामिल किया गया है। इससे लगभग 1.47 लाख टन कार्बन डाइऑक्साइड समतुल्य उत्सर्जन में कमी तथा 10,530 टन हानिकारक रसायनों के उपयोग में कमी लाने का लक्ष्य रखा गया है।

हरित विनिर्माण को बढ़ावा

सरकार प्रधानमंत्री मेगा एकीकृत वस्त्र क्षेत्र एवं परिधान पार्क (पीएम मित्र पार्क) योजना के माध्यम से आधुनिक और पर्यावरण-अनुकूल वस्त्र पार्क विकसित कर रही है।

इन पार्कों में—

साझा अपशिष्ट जल उपचार संयंत्र,

अपशिष्ट जल पुनर्चक्रण,

वैज्ञानिक कचरा प्रबंधन,

साझा अवसंरचना

जैसी सुविधाएं विकसित की जा रही हैं।

सात पीएम मित्र पार्कों के विकास के लिए 4445 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं। दिसंबर 2025 तक 27,434 करोड़ रुपये से अधिक के निवेश समझौतों पर हस्ताक्षर हो चुके हैं।

सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों को हरित प्रोत्साहन

देश के वस्त्र उत्पादन में 80 प्रतिशत से अधिक योगदान देने वाले सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों के लिए सरकार ने रैम्प कार्यक्रम के अंतर्गत दो प्रमुख योजनाएं शुरू की हैं—

हरित निवेश एवं प्रौद्योगिकी योजना के तहत स्वच्छ ऊर्जा अपनाने पर ब्याज सब्सिडी और ऋण गारंटी।

चक्रीय अर्थव्यवस्था प्रोत्साहन योजना के तहत संयंत्र एवं मशीनरी निवेश पर 25 प्रतिशत पूंजी अनुदान।

कार्बन उत्सर्जन पर निगरानी

भारतीय कार्बन बाजार व्यवस्था के अंतर्गत वस्त्र उद्योग को भी शामिल किया गया है। अब उद्योगों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष कार्बन उत्सर्जन का विवरण देना अनिवार्य होगा। निर्धारित लक्ष्य से बेहतर प्रदर्शन करने वाले उद्योगों को कार्बन क्रेडिट प्रमाणपत्र दिए जाएंगे, जिनका व्यापार भी किया जा सकेगा।

## -:: आज का राशिफल ::-



मेष राशि- आज आपका दिन फेवरेबल रहने वाला है। आज आप अपनी भावनाओं पर पूर्ण नियंत्रण रखें आपके बिगड़े हुए काम भी बन जाएंगे। इस समय परिस्थिति बहुत ही अनुकूल बनी हुई है।

वृष राशि- आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज आप अपने आपको ऊर्जा से भरपूर महसूस करेंगे। युवाओं को अपने करियर से संबंधित उपलब्धि मिलने की उम्मीद है। आपका आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा।

मिथुन राशि- आज का दिन आपके जीवन में नए अवसर लेकर आएगा। आप लोगों को अपनी योजनाओं से सहमत कर लेंगे। तकनीकी, इंजीनियरिंग और कानून के क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए दिन खास उपलब्धियों वाला है। किसी जटिल प्रोजेक्ट को अपनी सूझबूझ से समय से पहले पूरा कर लेंगे।

कर्क राशि-आज आपका दिन आपके लिए मिला-जुला रहेगा साथ ही थोड़ा चुनौती पूर्ण हो सकता है और आज निस्संदेह आपका बिगड़ा हुआ काम बन जाएगा। आज आप घर के रखरखाव या नवीनीकरण को लेकर कुछ विचार-विमर्श करेंगे।

सिंह राशि- सिंह लग्न और राशि वालों आपका दिन कॉन्फिडेंस से भरा रहेगा। इस राशि के कारोबारियों को पैसों के मामलों में लाभ हो सकता है। आज आपको एक तरफा सोचने से बचना चाहिए, बेहतर रहेगा की आप सभी पहलुओं को पर विचार करें।

कन्या राशि- आज आपका दिन शानदार रहेगा। आप अपनी वर्तमान उपलब्धियों से संतुष्ट तो रहेंगे, लेकिन मन में कुछ बड़ा करने की इच्छा प्रबल रहेगी। आज परिवार में नए अवसरों को लेकर चर्चा हो सकती है

तुला राशि-आज आपका दिन व्यस्तता में बीत सकता है। आज आप अपनी मेहनत और समझदारी से सुख-सुविधाओं में बढ़ोतरी करेंगे और किसी बड़े बुजुर्ग का मार्गदर्शन फायदेमंद साबित होगा।

वृश्चिक राशि- आज आपका दिन शानदार रहेगा। कुछ लोगों की मदद से आपके काम पूरे हो सकते हैं। आर्थिक मामलों में मोह छोड़कर व्यावहारिक फैसला लेना आपके भविष्य के लिए उन्नति का रास्ता खोलेगा।

धनु राशि-आज का दिन आपके लिए सुनहरे पल लेकर आयेगा। नए कार्यों में आपको भाग्य का पूरा साथ मिलेगा। साहित्य से जुड़े लोगों को बड़ी खुशखबरी मिलेगी। करियर में आप नए आयाम स्थापित करेंगे।

मकर राशि- आज का दिन आपके लिए शुभ फलदायक रहेगा। आज का दिन आपके जीवन में संतुलन, सामंजस्य और धैर्य लेकर आएगा। आप अलग-अलग परिस्थितियों के बीच सुंदर तालमेल बिठाने में सफल रहेंगे।

कुम्भ राशि- आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आप अपने लक्ष्यों को पाने के लिए पूरी तरह समर्पित रहेंगे। परिवार में आपकी जिम्मेदारी के प्रति निष्ठा की सराहना होगी। आर्थिक लाभ के लिए यह समय अपने हुनर को निखारने का है।

मीन राशि-आज का दिन आपके लिए सामान्य रहेगा। मानसिक तौर पर स्पष्ट और निष्पक्ष फैसले लेने के लिए दिन शुभ है। आज आप अपनी भावनाओं को परे रखकर केवल तथ्यों पर ध्यान देंगे। परिवार में आपकी फ्रैंकनेस से कुछ लोग असहज हो सकते हैं,



भारतीय विदेश मंत्रालय की साप्ताहिक प्रेस कॉन्फ्रेंस में प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने राष्ट्रीय सुरक्षा, पड़ोसी देशों, पश्चिम एशिया के तनाव और रणनीतिक परियोजनाओं से जुड़े कई अहम मुद्दों पर भारत का स्पष्ट और बेबाक पक्ष रखा। पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर पर भारत के दावे को दोहराने से लेकर पहलगाम आतंकी हमले पर पाकिस्तान को कठघरे में खड़ा करने तक, विदेश मंत्रालय का संदेश साफ था कि भारत अपने राष्ट्रीय हितों और सुरक्षा के सवाल पर किसी तरह का भ्रम नहीं छोड़ना चाहता।

# इसरो में वैज्ञानिकों के इस्तीफों की झड़ी, मचा हड़कंप, सरकार ने उठाए सख्त कदम

नई दिल्ली (आरएनएस)। पिछले कुछ महीनों में भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के वैज्ञानिकों के इस्तीफे से सरकार हैरान है. इस स्थिति पर नियंत्रण लगाने के लिए सरकार ने सख्त कदम उठाने का फैसला किया है. वैसे वैज्ञानिक जो गगनयान मिशन पर काम कर रहे हैं, उन्हें विशेष रूप से इसको लेकर आगाह किया गया है. सरकार चाहती है कि किसी भी सूरत में गगनयान मिशन अपने डेडलाइन को मिस न करे.

रिपोर्ट के अनुसार केंद्र सरकार ने इसरो को साफ-साफ निर्देश दिया है कि वे गगनयान समेत अन्य महत्वपूर्ण मिशनों से जुड़े वैज्ञानिकों और तकनीकी विशेषज्ञों का इस्तीफा स्वीकार न करें. साथ ही यह भी कहा गया है कि यदि कोई वीआरएस चाहता है, तो उसे भी फिलहाल के लिए अनुमति न दी जाए. इस्तीफे से जुड़े सभी आवेदनों पर स्पेस डिपार्टमेंट विचार करेगा. प्राप्त जानकारी के अनुसार केंद्र ने जो परिवर्तन किए हैं, वे इस तरह से हैं.

* महत्वपूर्ण मिशनों पर तैनात ग्रुप ए के वैज्ञानिकों के इस्तीफे अब सामान्य रूप से स्वीकार नहीं किए जाएंगे.* अंतिम स्वीकृति अब अंतरिक्ष विभाग के मुख्यालय के पास होगी.

* नई नीति का उद्देश्य भारत के सबसे महत्वपूर्ण अंतरिक्ष कार्यक्रमों में व्यवधान को रोकना है.* राष्ट्रीय महत्व की परियोजनाओं पर इस्तीफे के गंभीर प्रभाव की चिंताओं के बाद यह कदम उठाया गया है. खबरों के मुताबिक केंद्र सरकार का यह कदम लगभग 100 वैज्ञानिकों के इस्तीफे के बाद आया है. हालांकि, इस संख्या को लेकर विवाद है. न तो सरकार ने और न ही स्पेस डिपार्टमेंट ने इसकी पुष्टि की है. लेकिन अलग-अलग न्यूज चैनलों पर इस तरह की खबरें चल रही हैं. इसमें बताया जा रहा है कि बेंगलुरु स्थित यूआर राव सैटेलाइट सेंटर और केरल के तिरुवनंतपुरम स्थित विक्रम साराभाई स्पेस सेंटर से मिलाकर लगभग 100 वैज्ञानिकों ने इस्तीफे की पेशकश की है.

कांग्रेस नेता अभिषेक मनु सिंघवी ने इस मामले पर सोशल मीडिया में एक पोस्ट किया है. उन्होंने लिखा है, आप द्वार बंद कर सकते हैं, लेकिन प्रतिभा को कैद नहीं कर सकते. यदि वैज्ञानिक अभूतपूर्व संख्या में इसरो छोड़ रहे हैं, तो सरकार को इसके कारणों का पता लगाना चाहिए, न कि केवल छोड़ने की प्रक्रिया को कठिन बनाना चाहिए. जमीनी स्तर पर गिरते मनोबल से भारत की अंतरिक्ष यात्रा को गति नहीं मिल सकती. इन इस्तीकों को लेकर कोई भी जानकारी नहीं दी गई है. हालांकि, मीडिया में इस्तीफों को लेकर अटकलों की चर्चा जरूर तेज है. इसमें बताया गया है कि पलायन की मुख्य वजह हैं - निजी अंतरिक्ष क्षेत्र का आकर्षण. भारत का तेजी से बढ़ता निजी अंतरिक्ष उद्योग प्रतिस्पर्धी वेतन और नेतृत्व के अवसरों के साथ अनुभवी आईएसआरओ पेशेवरों की सक्रिय रूप से भर्ती कर रहा है. दूसरी वजह कार्यस्थल पर अत्यधिक तनाव को बताया गया है. कई वैज्ञानिकों ने अत्यधिक कार्य दबाव और उच्च तनाव स्तर का हवाला दिया है. तीसरी वजह - पदोन्नति प्रणाली से असंतोष को माना गया है.

### देवेंद्र फडणवीस के साथ एनसीपी नेताओं की बैठक से सुनेत्रा नाराज, बोलीं- मुझे क्यों नहीं बताया

मुंबई (आरएनएस)। महाराष्ट्र में शरद पवार और उनके दिवंगत भतीजे अजित पवार की राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) में सब कुछ ठीक नहीं चल रहा है। ऐसी चर्चा है कि शरद केंद्र सरकार के परिसीमन बिल पर इंडिया गठबंधन को धोखा दे सकता है, वहीं अजित की पत्नी सुनेत्रा पवार मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के साथ उनके पार्टी नेताओं की गोपनीय बैठक से बेहद नाराज हैं। बुधवार को उपमुख्यमंत्री सुनेत्रा ने एनसीपी प्रदेश अध्यक्ष सुनील तटकरे के साथ बैठक की, जो काफी तनावपूर्ण रही। दरअसल, मंगलवार रात को शरद पवार गुट के नेता जयंत पाटिल मुंबई में फडणवीस के सरकारी आवास वर्षा गए थे। यह बैठक ऐसे समय हुई जब परिसीमन बिल को लेकर शरद पवार के पाला बदलने की खबर आ रही है। वर्षा में हुई बैठक में तटकरे और एनसीपी के कार्यकारी अध्यक्ष प्रफुल्ल पटेल भी मौजूद थे। इससे दोनों एनसीपी के बीच संभावित सुलह की चर्चा तेज हो गई। बैठक की जानकारी सुनेत्रा पवार को नहीं थी, जिससे उन्होंने नाराजगी जताई। रिपोर्ट के मुताबिक, सुनेत्रा ने तटकरे से पूछा कि उनको इस बैठक के बारे में दोनों (तटकरे-पटेल) में से किसी



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने नई दिल्ली में भगवान जगन्नाथ की सालाना रथ यात्रा के मौके पर आयोजित रथ यात्रा समारोह में हिस्सा लिया।



जन सुराज की नेता चेतना झांब, पटना में बीजेपी के रा%य कार्यालय में बिहार बीजेपी अध्यक्ष संजय सरावगी की मौजूदगी में बीजेपी में शामिल हुईं।

# राहुल गांधी पर अभिजीत दीपके का पुराना पोस्ट चर्चा में, भारत जोड़ो यात्रा पर किया था तंज

नई दिल्ली (आरएनएस)। साल 2022 में कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी की अगुवाई में निकली 'भारत जोड़ो यात्रा' एक बार फिर देश के सियासी और सोशल मीडिया गलियारों में अचानक सुर्खियों में आ गई है। कन्याकुमारी से कश्मीर तक निकाली गई इस व्यापक यात्रा का मुख्य उद्देश्य देश के विभिन्न राज्यों में जनसंपर्क बढ़ाना और राजनीतिक संवाद को जमीनी स्तर पर मजबूत करना था। कई सालों बाद इस यात्रा के दोबारा चर्चा में आने की मुख्य वजह कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के संस्थापक अभिजीत दीपके का करीब चार साल पुराना एक सोशल मीडिया पोस्ट है, जिसमें उन्होंने इस पूरी मुहिम पर तंज कसा था। दरअसल, 8 सितंबर 2022 को अभिजीत दीपके ने माइक्रोब्लॉगिंग प्लेटफॉर्म 'एक्स' (ट्विटर) पर एक पत्रकार के ट्वीट का जवाब देते हुए राहुल गांधी की इस यात्रा की आलोचना की थी। उन्होंने अपने पोस्ट में लिखा था कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा आखिरकार एक साधारण ट्रैवल व्लॉग से ज्यादा कुछ नहीं बन पाएगी। हाल के दिनों में उनका यह पुराना बयान इंटरनेट पर तेजी से वायरल हो रहा है, क्योंकि कभी राहुल गांधी की मुहिम का मजाक उड़ाने वाले दीपके आज खुद घिर गए हैं। उन्होंने हाल ही में राहुल गांधी समेत विपक्ष के कई बड़े नेताओं को दिल्ली के जंतर-मंतर पर चल रहे अपने प्रदर्शन में शामिल होने और समर्थन देने की गुहार लगाई है। इस बड़े विरोधाभास ने सोशल मीडिया पर एक नई राजनीतिक बहस छेड़ दी है।

अभिजीत दीपके की पुरानी टिप्पणी जैसे ही दोबारा सतह पर आई, सोशल मीडिया यूजर्स ने उन्हें आड़े हाथों लेना शुरू कर दिया और इंटरनेट पर प्रतिक्रियाओं की बाढ़ आ गई। एक यूजर ने तंज कसते हुए लिखा कि एसी कमरों में बैठकर किसी के जमीनी संघर्ष की आलोचना करना बहुत आसान होता है, लेकिन जब खुद पर बात आती है तो नजरिया बदल जाता है। वहीं एक अन्य यूजर ने टिप्पणी की कि जब राहुल गांधी देश को समझने के लिए 3750 किलोमीटर की पैदल यात्रा कर रहे थे, तब उनका उपहास उड़ाने वाले लोग आज किस मुंह से उनसे समर्थन की उम्मीद कर रहे हैं। कुछ लोगों का यह भी कहना है कि यदि कांग्रेस नेता इस प्रदर्शन का हिस्सा नहीं बनते हैं, तो इसके लिए उन्हें दोष देना पूरी तरह अनुचित होगा। इन तीखी प्रतिक्रियाओं ने इस पूरे मामले को और ज्यादा गरमा दिया है।

इस पूरे सोशल मीडिया विवाद के बीच, राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) में हुई कथित धांधलियों और अनियमितताओं के विरोध में कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) का धरना प्रदर्शन अब 26वें दिन में प्रवेश कर चुका है। इसी आंदोलन के समानांतर प्रख्यात सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक का आमरण अनशन भी 19वें दिन लगातार जारी है। वांगचुक की सेहत को लेकर संगठन द्वारा जारी मेडिकल बुलेटिन में बताया गया है कि शारीरिक रूप से वे बेहद कमजोर हो चुके हैं और डॉक्टरों की एक विशेष टीम चौबीसों घंटे उनकी सेहत पर पैनी नजर रख रही है।

## आईएमडी का पूर्वानुमान, 22 जुलाई तक देश के कई राज्यों में भारी से अति भारी बारिश के आसार

नई दिल्ली (आरएनएस)। मौसम विभाग के अनुसार बंगाल की खाड़ी के उत्तर-पश्चिम में बना लो-प्रेशर एरिया अगले 12 घंटों में और अधिक सक्रिय हो सकता है. इससे 22 जुलाई तक पूर्वी, मध्य और उत्तर-पश्चिमी भारत में बड़े पैमाने पर बारिश हो सकती है. मौसम विभाग ने कहा कि यह सिस्टम उत्तरी ओडिशा और पश्चिम बंगाल के गंगा क्षेत्र से होते हुए उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ेगा, जबकि 19 जुलाई से वेस्टर्न डिस्टर्बेंस से भी उत्तर-पश्चिम भारत में बारिश बढ़ने की उम्मीद है.

एल नीनो एक जलवायु संबंधी घटना है जो तब होता है जब पारंपरिक हवा कमजोर हो जाती है, जिससे सेंट्रल और ईस्टर्न ट्रॉपिकल पैसिफिक ओशन में समुद्र की सतह का तापमान बढ़ जाता है. मौसम एजेंसियों का कहना है कि यह घटना पिछले महीने और मजबूत हुआ है, जिसमें समुद्र की सतह के तापमान में 1 डिग्री सेटीग्रेड से ज़्यादा का अंतर है. एक्सपर्ट्स ने चेतावनी दी है कि मजबूत होता एल नीनो समुद्रों और क्लाइमेट चेंज से पहले से ही गर्म हो चुके एटमॉस्फियर पर बन रहा है, जिससे आने वाले महीनों में एक खास तौर पर मजबूत इवेंट की संभावना बढ़ गई है. इससे वैश्विक तापमान बढ़ सकता है और कई इलाकों में बारिश के पैटर्न में रुकावट आ सकती है.



ओडिशा के पुरी में सालाना जगन्नाथ रथ यात्रा के दौरान, देवी सुभद्रा को दर्पदलन रथ तक ले जाने वाले जुलूस में भक्त पवित्र धाडी पहंडी रस्म में हिस्सा लेते हुए ।

## ममता बनर्जी को एक और झटका, टीएमसी की राज्यसभा सांसद कोयल मल्लिक ने दिया इस्तीफा

कोलकाता(आरएनएस)। पश्चिम बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की प्रमुख ममता बनर्जी को एक और बड़ा झटका लगा है। गुरुवार को उनकी पार्टी की एक और सांसद कोयल मलिक ने राज्यसभा से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने मार्च में ही निर्विरोध चुनाव जीता था। मलिक को मिलाकर टीएमसी के अब तक 4 राज्यसभा सांसदों ने इस्तीफा दे दिया है। संभावना है कि वह भाजपा में जा सकती हैं।

मार्च में राज्यसभा की 37 सीटों पर चुनाव हुआ था, जिसमें 26 सीटों पर निर्विरोध परिणाम घोषित किए गए थे।

इस दौरान पश्चिम बंगाल की 5 सीटों पर हुए चुनाव में टीएमसी की ओर से बाबुल सुप्रियो, कोयल मल्लिक, राजीव कुमार और वकील मेनका गुरुस्वामी जीतकर राज्यसभा पहुंची थीं। भाजपा की ओर से राहुल सिन्हा ने एक सीट जीती थी। राज्यसभा में अब टीएमसी के पास 9 सांसद बचे हैं।

बंगाल में टीएमसी से राज्यसभा सांसद सुखेंदु शेखर रॉय, सुष्मिता देव और प्रकाश चिक बराइक ने इस्तीफा दिया था। तीनों हाल में भाजपा में शामिल हो गए हैं।

तीनों के इस्तीफा देने से बंगाल में राज्यसभा की 3 सीट खाली हुई थी, जिसे भरने के लिए 24 जुलाई को उपचुनाव है।

# 9वीं क्लास के स्टूडेंट्स पर नई भाषा का बोझ न डालें

नई दिल्ली (आरएनएस)। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को सेंट्रल बोर्ड ऑफ सेकेंडरी एजुकेशन (सीबीएसई) के क्लास 9 लेवल पर तीसरी भाषा को जरूरी बनाने के फैसले पर सवाल उठाया. कोर्ट ने कहा कि इससे बोर्ड एग्जाम की तैयारी कर रहे स्टूडेंट्स पर पढ़ाई का दबाव पड़ता है, जिसे टाला जा सकता है. कोर्ट ने सुझाव दिया कि ऐसी कोई भी भाषा क्लास पांचवीं या छठी कक्षा से शुरू की जानी चाहिए. जस्टिस बीवी नागरत्ना की ये बातें इसलिए अहम हैं क्योंकि ये सीबीएसई के क्लास 9 के स्टूडेंट्स के मौजूदा बैच के लिए एक बार की छूट देने के ऐलान के ठीक दो हफ्ते बाद आई हैं, जिसमें उन्हें क्लास 10 की बोर्ड परीक्षा में तीसरी भाषा लेने से छूट दी गई है. ऐसा स्कूलों, पेरेंट्स और स्टूडेंट्स की तरफ से इस पॉलिसी को अचानक लागू करने को लेकर काफी चिंता के बाद किया गया था.

जस्टिस नागरत्ना ने ये बातें मद्रास हाई कोर्ट के 2017 के फैसले के खिलाफ तमिलनाडु सरकार की अपील की सुनवाई के दौरान कहीं, जिसमें राज्य को हर जिले में जवाहर नवोदय विद्यालय (जेएनवी) बनाने में मदद करने का निर्देश दिया गया था. तमिलनाडु ने लगातार इस स्कीम का विरोध किया है, और कहा है कि जेएनवी तीन-भाषा की पॉलिसी को फॉलो करते हैं जो राज्य की लंबे समय से चली आ रही दो-भाषा की पॉलिसी से मेल नहीं खाती.

हालांकि जस्टिस आर महादेवन वाली पीठ के सामने सीबीएसएई की तीन-भाषा पॉलिसी की वैधता पर विचार नहीं हो रहा था, लेकिन चर्चा उस स्टेज पर आ गई जब स्कूलों में तीसरी भाषा शुरू की जाती है.

## गुजरात में तीन मिनट में दो बार आया भूकंप, लोग सहमे

अहमदाबाद (आरएनएस)। गुजरात के कच्छ जिले में गुरुवार को तीन मिनट के अंतराल पर दो बार भूकंप के झटके महसूस किए गए. भूकंप का केंद्र कच्छ जिले में धोलावीरा से 32 किलोमीटर पश्चिम-उत्तर-पश्चिम में स्थित था. रिक्टर पैमाने पर पहले आए भूकंप की तीव्रता 3.6 दर्ज की गई जबकि दूसरा झटका 3.2 की तीव्रता का रहा. हालांकि दोनों भूकंप की तीव्रता अधिक नहीं थी लेकिन लोगों ने कंपन को महसूस किया. पहला भूकंप दोपहर 2:20 बजे दर्ज किया गया. इसकी तीव्रता रिक्टर स्केल पर 3.6 मापी गई. भूकंप का केंद्र खावड़ा से लगभग 32 किलोमीटर उत्तर-पूर्व में स्थित था. झटके हल्के थे, लेकिन कई इलाकों में लोगों ने कंपन महसूस किया. कुछ लोग एहतियात के तौर पर घरों और दफ्तरों से बाहर निकल आए. पहले झटके के ठीक तीन मिनट बाद, 2:23 बजे दूसरा भूकंप आया. इसकी तीव्रता 3.2 दर्ज की गई.



नई दिल्ली के जंतर-मंतर पर %कॉकरोच जनता पार्टी% (सीजेपी) के विरोध प्रदर्शन के दौरान, आज़ाद समाज पार्टी के प्रमुख और सांसद चंद्रशेखर रावण जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक से बातचीत करते हुए। यह प्रदर्शन नीट परीक्षा में कथित अनियमितताओं को लेकर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफ़े की मांग को लेकर किया जा रहा था,



राजस्थान के जयपुर में राजस्थान विधानसभा के 75 साल पूरे होने के मौके पर आयोजित विधायी गौरव यात्रा- पूर्व और वर्तमान सदस्यों का सम्मेलन के उद्घाटन सत्र के दौरान लोकसभा स्पीकर ओम बिरला, राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के साथ।

## नीट-यूजी पेपर लीक में खुलासा; लातूर कोचिंग संचालक ने खरीदा प्रश्न-पत्र, 136 में 111 सवाल मिले

नई दिल्ली (आरएनएस)। राष्ट्रीय पात्रता सह-प्रवेश परीक्षा (नीट-स्नातक) 2026 के कथित प्रश्नपत्र लीक मामले में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने विशेष न्यायालय के समक्ष महत्वपूर्ण खुलासा किया है। जांच एजेंसी ने बताया कि महाराष्ट्र के लातूर स्थित एक कोचिंग संस्थान के संचालक के मोबाइल फोन से 136 हस्तलिखित प्रश्न बरामद हुए हैं, जिनमें से 111 प्रश्न राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) के मूल प्रश्नपत्र से मेल खाते हैं।


सीबीआई के अनुसार, लातूर निवासी शिवराज मोटेगांवकर, जो रेनुकाई केमिस्ट्री क्लासेस का संचालन करते हैं, ने कथित रूप से रसायन विज्ञान का प्रश्नपत्र प्राप्त करने के लिए राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी के प्रश्नपत्र तैयार करने वाले व्यक्ति को पांच लाख रुपये का भुगतान किया था। जांच एजेंसी ने यह जानकारी मोटेगांवकर की जमानत याचिका का विरोध करते हुए विशेष न्यायालय में प्रस्तुत की।

जांच में यह भी सामने आया है कि मोटेगांवकर को तीन मई को आयोजित नीट-स्नातक परीक्षा से पहले, 23 अप्रैल को ही कथित रूप से प्रश्नपत्र उपलब्ध करा दिए गए थे। एजेंसी का दावा है कि उनके मोबाइल से मिले हस्तलिखित प्रश्न मूल प्रश्नपत्र से काफी हद तक मेल खाते हैं, जो मामले में महत्वपूर्ण साक्ष्य हैं।

सीबीआई ने न्यायालय को बताया कि यह प्रश्नपत्र लातूर के बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. मनोज शिरुरे तथा सेवानिवृत्त रसायन विज्ञान व्याख्याता एवं राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी के पूर्व पैनल सदस्य पी. वी. कुलकर्णी के नेटवर्क के माध्यम से मोटेगांवकर तक पहुंचे। जांच एजेंसी का आरोप है कि इन लोगों की प्रश्नपत्रों तक पहुंच थी और इसी माध्यम से प्रश्नपत्र लीक किए गए।

जांच के दौरान यह भी सामने आया कि कथित रूप से लीक प्रश्नपत्रों की प्रतियां टेलीग्राम संदेश मंच के माध्यम से दस लाख रुपये तक में बेची गईं। सीबीआई के अनुसार, प्रश्नपत्र खरीदने के बाद उनका अवैध रूप से प्रसार किया गया।

जांच एजेंसी ने यह भी उल्लेख किया कि मोटेगांवकर पहले अंशकालिक शिक्षक थे, लेकिन बाद में उन्होंने बड़े स्तर पर कोचिंग संस्थान का संचालन शुरू किया। उनका %मोटेगांवकर सर आरसीसी% नाम से एक वीडियो मंच चैनल भी है, जिसके 1.6 लाख से अधिक सदस्य बताए जाते हैं।



सोनाक्षी ने बताया कि जब भी सलमान खान उनसे पूछते थे कि क्या वे दोनों एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं, तो वे हमेशा साफ मना कर देते थे। दोनों कहते थे कि ऐसा कुछ भी नहीं है। लेकिन सलमान को उनकी बातों पर कभी भरोसा नहीं हुआ। सोनाक्षी सिन्हा और जहीर इकबाल ने हाल ही में नेहा धूपिया और अंगद बेदी के चैट शो %डबल डेट% में अपनी लव स्टोरी से जुड़ा एक बेहद मजेदार किस्सा साझा किया।



# लाल जोड़े में मोनालिसा ने ढाया कहर, बोल्ड ब्राइडल फोटोशूट ने बढ़ाया इंटरनेट का तापमान

भोजपुरी क्वीन और टेलीविजन स्टार मोनालिसा ने अपने इंस्टाग्राम पर एक बेहद हॉट और दिलकश ब्राइडल फोटोशूट शेयर किया है। सुर्ख लाल रंग के पारंपरिक लहंगे और डीप-नेक ब्लाउज में वह किसी अप्सरा से कम नहीं लग रही हैं। हेवी कुंदन ज्वेलरी, नथ और मांगटीके के साथ उनके कातिलाना फेशियल एक्सप्रेशन्स ने फैंस को दीवाना बना दिया है। इंटरनेट पर उनका यह बोल्ड ब्राइडल लुक तेजी से ट्रेंड कर रहा है।

भोजपुरी से लेकर टीवी इंडस्ट्री तक अपनी पहचान बना चुकी मोनालिसा अक्सर अपनी बोल्ड अदाओं से इंटरनेट पर तहलका मचाती रहती हैं। मोनालिसा ने एक बार फिर सोशल मीडिया का तापमान बढ़ा दिया है। हाल ही में उन्होंने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट पर पारंपरिक दुल्हन के अवतार में अपनी कुछ बेहद खूबसूरत तस्वीरें साझा की हैं। तस्वीरों में मोनालिसा का ग्लैमर और देसी अंदाज इस कदर निखर कर आ रहा है कि देखने वाले अपनी नजरें नहीं हटा पा रहे हैं। मोनालिसा ने इस फोटोशूट के लिए एक शाही लाल रंग का ब्राइडल लहंगा चुना है। मोनालिसा ने लहंगे के साथ मैचिंग डीप-नेकलाइन सिल्क ब्लाउज कैरी किया है, जिसपर गोल्डन जरी और फ्लोरल कढ़ाई का बारीक काम किया गया है।



इसके साथ उन्होंने सिर पर लाल रंग का नेट दुपट्टा कैरी किया है, जिस पर सुनहरी बूटी और हैवी गोटा-पट्टी बॉर्डर है। तस्वीरों में मोनालिसा की अदाएं और उनके सेक्सी पोज फैंस के दिलों पर छुरियां चला रहे हैं। कुछ तस्वीरों में वह शर्माती हुई नीचे की ओर देख रही हैं, तो कुछ में वह कैमरे की तरफ देखकर अपनी कातिल मुस्कान बिखेर रही हैं। अपने लुक को कम्पलीट करने के लिए मोनालिसा ने परफेक्ट ग्लैम ब्राइडल मेकअप चुना है। स्मोकी आइज, विंग्ड आईलाइनर और मस्कारा के साथ उनकी आंखें बेहद नशीली लग रही हैं। डार्क रेड लिपस्टिक उनके पूरे चेहरे को ग्लोइंग बना रही है। ज्वेलरी की बात करें तो उन्होंने ट्रेडिशनल ब्राइडल लुक को पूरा करने के लिए हैवी कुंदन और गोल्ड ज्वेलरी कैरी की है। उनके माथे पर सजी खूबसूरत शीशपट्टी और मांगटीका, कानों में बड़े झुमके, गले में मैचिंग हेवी चोकर नेकलेस और लेयर्ड रानी हार उनके रॉयल लुक को निखर रहे हैं।

**अखिल अक्किनेनी की मास एक्शन ड्रामा फिल्म लेनिन का तहलका, 4 दिनों में दुनिया भर में 67.2 करोड़ की कमाई की**

मुरली किशोर अब्बूर के डायरेक्शन में बनी अखिल अक्किनेनी की मास एक्शन ड्रामा फिल्म लेलिन ने 4 दिनों में दुनिया भर में 67.2 करोड़ रुपये की कमाई की है। मेकर्स ने कन्फर्म किया है कि फिल्म तीसरे दिन ही मुनाफ़े वाले ज़ोन में आ गई थी। ज़बरदस्त एक्शन, थमन का बैकग्राउंड म्यूज़िक और भाग्यश्री बोर्से के रोल की वजह से आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में बड़ी संख्या में दर्शक सिनेमाघरों

**तेरा यार हूं मैं का ट्रेलर हुआ जारी, प्यार, एक्शन और ड्रामे से भरपूर है फिल्म**

मिलाप मिलन ज़वेरी की बहुप्रतीक्षित पारिवारिक मनोरंजक फिल्म तेरा यार हूँ मैं का ट्रेलर रिलीज़ हो गया है। यह दर्शकों को प्यार, दोस्ती, भावनाओं और भरपूर मनोरंजन से सजी एक दिल छू लेने वाली कहानी की शानदार झलक दिखाता है। इस फिल्म के साथ अमन इंद्र कुमार और आकांक्षा शर्मा बड़े पर्दे पर अपना डेब्यू कर रहे हैं। यह फिल्म 24 जुलाई 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज़ होगी।

अपने मधुर संगीत और दिलचस्प पोस्टर्स के कारण यह फिल्म पहले ही दर्शकों के बीच काफी उत्सुकता पैदा कर चुकी है। तेरा यार हूँ मैं का रंगीन और मनोरंजक ट्रेलर रोमांस, हास्य और ड्रामा से भरपूर है, जो एक बेहतरीन सिनेमाई अनुभव का वादा करता है।

# अभिनेत्री आकांक्षा चमोला दोबारा नहीं करेंगी शादी, अकेली गुजारेंगी जिंदगी

अभिनेता गौरव खन्ना से तलाक और खुद के बायसेक्शुअल होने की चर्चाओं के बाद अभिनेत्री आकांक्षा चमोला ने कहा है कि वह दोबारा शादी नहीं करेंगी। फराह खान और रितेश देशमुख के होस्ट किए जाने वाले नेटफ्लिक्स शो लॉक अप- सच या सजा के हालिया एपिसोड में आकांक्षा अपनी करीबी दोस्त पामेला सेरेना के साथ जेल में दिल की बातें करती नजर आईं। आकांक्षा ने पामेला से कहा कि जब उनकी शादी गौरव खन्ना से हुई थी, तब उनकी उम्र 24 साल थी। इस पर पामेला ने कहा कि वह अभी भी युवा हैं और उन्हें आगे चलकर कोई अच्छा जीवनसाथी मिल सकता है।

आकांक्षा ने जवाब दिया, नहीं, मैं दोबारा शादी नहीं करना चाहती। मेरा मन अब शादी से भर गया है। लेकिन जिंदगी में पहली बार मैं अकेले रहूंगी। न मैं अपने माता-पिता के घर रहूंगी और न ही पति के घर। मेरा अपना घर होगा और मैं आगे की ज़िंदगी अकेले ही बिताऊंगी।

फिलहाल शो में आकांक्षा चौधरी, योगेश रावत, सुनीता आहूजा, राम कपूर, श्रेया कालरा, शिवांगी जोशी, हर्षद चोपड़ा, सूफी मोतीवाला, धीरज धूपर,



माधुरी जैन ग्रोवर, रियाज अली और वरुण यादव उर्फ लैला जैसे कई लोकप्रिय चेहरे नजर आ रहे हैं।

लॉकअप का पहला सीजन साल 2022 में आया था, जिसे कंगना रनौत ने होस्ट किया था। पूरे सीजन में करण कुंद्रा जेलर की भूमिका में नजर आए थे। इस सीजन के विजेता मुनव्वर फारूकी बने थे।

लॉकअप के दूसरे सीजन में 6 हफ्तों तक 14 कैदी, दो जेलर और एक लॉक-अप होगा। शो के नियमों के मुताबिक, कैदियों को खाना, जरूरी सामान और दूसरी बुनियादी सुविधाएं पाने के लिए टास्क पूरे कर इन-गेम करेंसी कमानी होगी।

पिछले हफ्ते जजमेंट डे के दौरान आकांक्षा ने खुलासा किया कि वह बायसेक्शुअल हैं। उन्होंने यह भी बताया कि गौरव से शादी से पहले उनके महिलाओं के साथ रिश्ते रह चुके हैं।

## प्रभास और तृप्ति डिमरी की फिल्म की रिलीज डेट आई सामने, अगले साल देगी दस्तक

पैन स्टार प्रभास की फैन फॉलोइंग बहुत तगड़ी है. उनकी फिल्मों का फैंस को बेसब्री से इंतजार रहता है. हाल ही में उनकी आने वाली फिल्म स्पिरिट से उनका पोस्टर रिलीज किया गया था. पोस्टर में प्रभास के साथ तृप्ति डिमरी लीड रोल में नजर आ रही थीं. पोस्टर देखने के बाद फैंस को इस फिल्म को लेकर एक्साइटमेंट बहुत बढ़ गई थी. वो फिल्म की रिलीज डेट का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे. अब ये इंतजार भी खत्म हो गया है और स्पिरिट की रिलीज डेट सामने आ गई है.

स्पिरिट को संदीप रेड्डी वांगा ने डायरेक्ट किया है. फिल्म को टी-सीरीज ने प्रोड्यूस किया है. फिल्म के प्रोड्यूसर ने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर करके रिलीज डेट की जानकारी दी ह. स्पिरिट को देखने के लिए फैंस को अभी एक साल का इंतजार करना पड़ेगा.

टी-सीरीज ने स्पिरिट का ब्लैक एंड व्हाइट पोस्टर शेयर किया है. जिस पर रिलीज डेट लिखी हुई है. पोस्टर पर लिखा है- स्पिरिट 5 मार्च 2027 को दुनियाभर में रिलीज होगी. ये पोस्ट शेयर करते हुए लिखा- रिमेंबर. स्पिरिट की रिलीज डेट आते ही फैंस से इसके बॉक्स ऑफिस कलेक्शन को लेकर प्रिडिक्शन करना शुरू कर दिया है.

स्पिरिट के पोस्टर पर लोग ढेर सारे कमेंट कर रहे हैं. एक ने लिखा- 1800 करोड़. दूसरे ने लिखा-संदीप रेड्डी वांगा, नाम ही काफी है. एक ने लिखा- इतना लेट क्यों. वहीं दूसरे ने लिखा- ब्लॉकबस्टर लोडिंग.

फिल्म का फर्स्ट लुक 1 जनवरी, 2026 को न्यू ईयर के मौके पर रिलीज किया गया, जो तुरंत वायरल हो गया था.पोस्टर में प्रभास एक दमदार अवतार में दिखे, लंबे बाल, चोट के निशान और इंटेंस लुक के साथ. जबकि तृप्ति डिमरी उनकी सिगरेट जला रही थीं. इस रॉ विजुअल टोन ने साल की शुरुआत में ही दर्शकों की उम्मीदें बढ़ा दीं है. अब फिल्म के रिलीज होने का इंतजार है.

## सेंट ज़ेवियर्स हाई स्कूल, गुप्तेश्वर द्वारा रयान स्पोर्ट्स क्लब के बैनर तले आयोजित इंटर-स्कूल फुटसल चैम्पियनशिप 2026 का दूसरा दिन पूरे उत्साह, जोश और खेल भावना के साथ सम्पन्न हुआ



जबलपुर- सेंट ज़ेवियर्स हाई स्कूल, गुप्तेश्वर द्वारा रयान स्पोर्ट्स क्लब के बैनर तले आयोजित इंटर-स्कूल फुटसल चैम्पियनशिप 2026 का दूसरा दिन पूरे उत्साह, जोश और खेल भावना के साथ सम्पन्न हुआ। दूसरे दिन सेमीफाइनल मुकाबलों के साथ-साथ फाइनल एवं तृतीय स्थान के लिए मुकाबला खेला गया, जिसमें खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन का परिचय दिया।

पहले सेमीफाइनल में सेंट एलॉयसियस स्कूल, सदर ने मेज़बान सेंट ज़ेवियर्स हाई स्कूल, गुप्तेश्वर को पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया। दूसरे सेमीफाइनल में सेंट एलॉयसियस स्कूल, पॉलीपाथर ने महर्षि विद्या मंदिर स्कूल, नर्मदा रोड, जबलपुर को हराकर फाइनल में अपनी जगह बनाई।

द्वितीय उपविजेता (सेकंड रनर-अप) ट्रॉफी के लिए खेले गए मुकाबले में महर्षि विद्या मंदिर स्कूल, नर्मदा रोड ने शानदार प्रदर्शन करते हुए तीसरा स्थान प्राप्त किया।

रोमांचक फाइनल मुकाबले में सेंट एलॉयसियस स्कूल, सदर ने सेंट एलॉयसियस स्कूल, पॉलीपाथर को पराजित कर इंटर-स्कूल फुटसल चैम्पियनशिप 2026 का खिताब अपने नाम किया। सेंट एलॉयसियस स्कूल, पॉलीपाथर प्रथम उपविजेता तथा महर्षि विद्या मंदिर स्कूल, नर्मदा रोड द्वितीय उपविजेता रहे। पूरे टूर्नामेंट में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सेंट एलॉयसियस स्कूल, सदर के मास्टर एल्बर्ट आमिर को %मैन ऑफ द सीरीज़% पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमती सारिका वर्मा (मैनेजर, अपोलो हॉस्पिटल), श्री रामेन्द्र सिंह (कमांडेंट, एनसीआईएसएफ), डॉ. नितिन रंधावा (अस्थि रोग विशेषज्ञ), श्री अभिषेक श्रीवास्तव (सीनियर राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी, डब्ल्यूसीआर रेलवे), श्री सुरकांत शर्मा (अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक), श्री मदन अवस्थी (प्रबंध निदेशक, अग्निबाण), श्री रूपेश सिंह (डब्ल्यूसीआर, जबलपुर), श्री जॉयनिक मैथ्यू (आयकर अधिकारी एवं राष्ट्रीय फुटबॉल खिलाड़ी) तथा श्री देवेन्द्र निश्चल (जेके लक्ष्मी सीमेंट) उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना करते हुए खेलों के माध्यम से अनुशासन, समर्पण एवं टीम भावना विकसित करने का संदेश दिया।

दो दिवसीय चैम्पियनशिप का सफल समापन उत्साहपूर्ण वातावरण में हुआ। प्रतियोगिता ने युवा खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का उत्कृष्ट मंच प्रदान किया तथा खेल भावना, अनुशासन और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा के मूल्यों को सशक्त रूप से बढ़ावा दिया।।

## दिनभर कॉफी पीने की आदत आपकी रात की नींद को कर सकती है प्रभावित, जानिए कैसे

सुबह के समय कई लोग एक कप कॉफी पी कर दिन शुरू करते हैं। यह न केवल आपको ऊर्जा देती है, बल्कि दिनभर ताजगी भी महसूस कराती है। हालांकि, क्या आप जानते हैं कि आपकी कॉफी पीने की आदत रात की नींद पर असर डाल सकती है? जी हां, अगर आप बहुत जल्दी या ज्यादा कॉफी पीते हैं तो इससे आपकी नींद प्रभावित हो सकती है। आइए जानते हैं कि कॉफी का सेवन कैसे आपकी नींद को प्रभावित करता है।

कैफीन का समय

कैफीन का समय बहुत अहम होता है। अगर आप शाम या सुबह को कैफीन का सेवन करते हैं तो यह आपकी नींद को प्रभावित कर सकता है।

कैफीन शरीर में काफी देर तक रहती है और इसे पूरी तरह से निकलने में समय लगता है। इसलिए, बेहतर होगा कि आप शाम 4 बजे के बाद कैफीन युक्त चीजों का सेवन न करें।

इससे आपकी नींद पर कोई असर नहीं पड़ेगा और आप आराम से सो सकेंगे।

मात्रा पर ध्यान दें

कॉफी की मात्रा भी बहुत जरूरी होती है। ज्यादा कॉफी पीने से न केवल आपकी नींद खराब हो सकती है, बल्कि इससे सेहत पर भी बुरा असर पड़ सकता है।



दिनभर में 2-3 कप कॉफी पीना ही पर्याप्त होता है। इससे आपको ऊर्जा मिलेगी और नींद पर भी कोई असर नहीं पड़ेगा।

ज्यादा कॉफी पीने से सिरदर्द, बेचैनी और नींद न आने जैसी समस्याएं हो सकती हैं, इसलिए इसकी मात्रा पर ध्यान देना जरूरी है।

खाली पेट कॉफी न पिएं

खाली पेट कॉफी पीना भी गलत है, क्योंकि इससे पेट पर दबाव पड़ता है और पाचन तंत्र प्रभावित होता है। इसके अलावा खाली पेट कॉफी पीने से एसिडिटी जैसी समस्याएं हो सकती हैं, जिससे नींद में खलल पड़ सकता है।

बेहतर होगा कि आप सुबह उठते ही सबसे पहले थोड़ा पानी पिएं, फिर नाश्ता करें और उसके बाद ही कॉफी का सेवन करें।

इससे आपका पाचन तंत्र सही रहेगा और आपको अच्छी नींद मिलेगी।

सोने से पहले कॉफी न पिएं

सोने से पहले कॉफी पीना भी गलत आदत है, क्योंकि इससे आपकी नींद खराब हो सकती है। कैफीन शरीर में काफी देर तक रहती है और इसे पूरी तरह से निकलने में समय लगता है।

इसलिए, सोने से पहले कॉफी पीने से बचें, ताकि आपकी नींद पूरी हो सके। इस तरह आप इन सरल तरीकों का पालन करके अपनी सुबह की कॉफी आदत को सुधार सकते हैं और रात की अच्छी नींद पा सकते हैं।

## संगीत से बढ़ सकती है आपकी उत्पादकता, जानिए यह कैसे है मददगार

संगीत हमारे जीवन का अहम हिस्सा है, जो केवल मनोरंजन का साधन ही नहीं है। यह न केवल हमें आनंदित करता है, बल्कि हमारी उत्पादकता को भी बढ़ा सकता है। सही प्रकार का संगीत सुनने से हमारा मन शांत होता है और हम बेहतर तरीके से काम कर पाते हैं। आज हम जानेंगे कि कैसे संगीत हमारी उत्पादकता को बढ़ा सकता है और किन तरीकों से इसे अपने जीवन में शामिल किया जा सकता है।काम करते समय सही धुन चुनें



काम करते समय सही धुन चुनना बहुत जरूरी है। धीमी और शांत धुन, जैसे शास्त्रीय या हल्के संगीत आपके दिमाग को शांत करते हैं और आपको अधिक ध्यान केंद्रित करने में मदद करते हैं।

तेज और ऊर्जा से भरपूर धुन आपके ऊर्जा स्तर को बढ़ा सकती है, जिससे आप अधिक उत्साहित महसूस करते हैं। इस प्रकार की धुन आपके काम की गुणवत्ता को भी बेहतर बनाने में मदद कर सकती है।

ध्यान लगाएं

ध्यान लगाने के लिए भी संगीत का उपयोग किया जा सकता है। कुछ विशेष प्रकार की धुनें, जैसे ध्यान संगीत या तरंग थेरेपी आपके मन को शांत करती हैं और ध्यान लगाने में मदद करती हैं।

इससे आपकी मानसिक स्थिति बेहतर होती है और आप अधिक फोकस होकर काम कर पाते हैं।

इस प्रकार की धुन सुनने से आपके दिमाग की क्षमता बढ़ती है और आप अपने कार्यों में अधिक समर्पण और ध्यान लगा पाते हैं।

तनाव कम करें

संगीत सुनने से तनाव कम करने में भी मदद मिलती है। जब आप किसी तनावपूर्ण स्थिति में हों तो कुछ मिनट के लिए आरामदायक धुन सुनना आपके मनोबल को बढ़ा सकता है और आपको शांत महसूस करवा सकता है।

इससे आपकी मानसिक स्थिति बेहतर होती है और आप अपनी समस्याओं का समाधान आसानी से कर पाते हैं। यह तरीका न केवल आपको मानसिक शांति देता है, बल्कि आपके काम की गुणवत्ता को भी बेहतर बनाता है।

रचनात्मकता बढ़ाएं

रचनात्मक कार्यों के लिए भी संगीत बहुत अहम होता है।

अगर आप कोई रचनात्मक कार्य कर रहे हों, जैसे कि लेखन, चित्रकारी या संगीत रचना आदि तो बैकग्राउंड में संगीत सुनने से आपकी रचनात्मकता बढ़ती है और नए विचार आते रहते हैं।

इससे आपका काम ज्यादा आसानी से हो जाता है। सही प्रकार की धुन आपके मनोबल को बढ़ाती है और आपको प्रेरित करती है,

## शब्द सामर्थ्य -100


(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. जीत, फतेह 3. राशन सामान बेचने वाली एक जाति, वैश्य 6. मुर्गी की जाति की एक पक्षी, आधा... आधा बटेर 7. कमल, पंकज, भारत के एक दिवंगत प्रधानमंत्री का नाम 8. नहाने का स्थान, स्नानागार 10. ख्वाब, स्वप्न 12. बुलावा, निमंत्रण 14. तबाही, बर्बादी 17. कत्ल, वध 18. क्षतिपूर्ति, मुआवजा 19. करार, चैन, आराम 21. दृष्टि, निगाह 23. नाश करने योग्य 24. लाडला, प्यारा 25. सीताजी, जनकनंदनी।

**ऊपर से नीचे**

1. शादी, ब्याह 2. अनाथ, निराश्रित 3. साल, वर्ष 4. दोस्ताना, यारी 5. सुर, देव, भगवान 9. मनुष्य, इंसान, आदमी 11. पाटा जाना, चुकता करना, बात तय करना 12. कार्यक्षेत्र, गोल घेरा, वृत्त 13. अधीनता, मातहती, अधिकार 15. नगर 16. गैरजरूरी 20. दृष्टांत, सुपुर्दगी, उदाहरण 22. धरती, भूतल, धरातल।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 099 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अं | त | | म | री | ज | | | |
| ग | ह | न | ता | | ब | र | ब | स |
| | की | | थि | क्का | र | | र | मा |
| | का | | का | | द | वा | खा | ना |
| प | त | वा | र | | स्त | र | | |
| ह | | | | | | दा | मि | नी |
| ना | | ए | ह | ति | या | त | | लां |
| वा | च | क | | हा | | | खू | ब |
| | | ता | ब | ड़ | तो | ड़ | | र |




जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )। थाना पाटन में रात अमित साहू उम्र 29 वर्ष निवासी उड़ना सड़क ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह टेंट हाउस चलाता है दिनांक 16-7-26 की रात लगभग 8-30 बजे वह एवं अभिषेक यायदव दोनों उड़ना तिराहा में खड़े थे तभी गोविन्द सिंह लोधी, आकर गाली गलोज करते हुये बोला कि तुम्हारे चाचा का लड़का साकाल कहा है, उसने गालियां देने से मना किया तो गोविन्द सिंह लोधी उसके साथ हाथ मुक्कों से मारपीट करने लगा, तभी गोविन्द सिंह लोधी का अरविन्द लोधी भी आकर मारपीट करने लगा तथा दोनों जान से मारने की






पश्चिम मध्य रेल के ब्योहारी, साँची, विदिशा, अशोकनगर, शिवपुरी एवं गंगापुर सिटी जंक्शन शामिल

# प्रधानमंत्री 20 राज्यों में 75 पुनर्विकसित अमृत भारत रेलवे स्टेशनों का उद्घाटन किया







जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने 17 जुलाई 2026 को जालंधर (पंजाब) से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत देशभर के 20 राज्यों में स्थित 75 पुनर्विकसित रेलवे स्टेशनों का उद्घाटन किया। इस लोकार्पण कार्यक्रम में वीडियो कांफ्रेंसिंग से माननीय रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव एवं माननीय रेल राज्य मंत्री रवनीत सिंह जुड़े रहे। लगभग 1,570 करोड़ रुपये की लागत से विकसित ये स्टेशन विश्व के सबसे बड़े स्टेशन पुनर्विकास कार्यक्रमों में शामिल हैं। 卐विरासत भी, विकास भी卐 की भावना पर आधारित इन स्टेशनों का पुनर्विकास स्थानीय संस्कृति, विरासत एवं आधुनिक वास्तुकला के समन्वय के साथ किया गया है, जिससे प्रत्येक स्टेशन को उसकी विशिष्ट पहचान प्राप्त हुई है।

पश्चिम मध्य रेलवे के अंतर्गत मध्य प्रदेश के ब्योहारी, साँची, विदिशा, अशोकनगर एवं शिवपुरी तथा राजस्थान के गंगापुर सिटी जंक्शन रेलवे स्टेशन आधुनिक स्वरूप में विकसित किये गए हैं। इन स्टेशनों के पुनर्विकास पर ब्योहारी ( ?20 करोड़), साँची ( ?15 करोड़), विदिशा ( ?29 करोड़), अशोकनगर ( ?22 करोड़), शिवपुरी ( ?22 करोड़) तथा गंगापुर सिटी जंक्शन ( ?25 करोड़) सहित कुल 133 करोड़ रुपये से अधिक की लागत व्यय की गई है।

आधुनिक वास्तुशिल्प, अत्याधुनिक यात्री सुविधाओं तथा दिव्यांगजन-अनुकूल अधोसंरचना से सुसज्जित ये स्टेशन अब क्षेत्रीय विकास, पर्यटन संवर्धन तथा आधुनिक भारतीय रेलवे की नई पहचान के रूप में स्थापित होंगे।

स्थानीय स्तर पर भी आयोजित हुए भव्य समारोह ~ पश्चिम मध्य रेल के पुनर्विकसित साँची, विदिशा, अशोकनगर, शिवपुरी, गंगापुर सिटी एवं ब्योहारी अमृत भारत स्टेशनों के लोकार्पण समारोह गरिमामय वातावरण में आयोजित हुए। समारोह का शुभारंभ सांस्कृतिक कार्यक्रमों से हुआ, जिनमें स्थानीय कलाकारों एवं विद्यार्थियों ने आकर्षक प्रस्तुतियाँ देकर क्षेत्र की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का परिचय कराया। कार्यक्रम के दौरान अमृत भारत स्टेशन योजना पर आधारित लघु फिल्म का प्रदर्शन किया गया तथा विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित भी किया गया। इसके पश्चात माननीय प्रधानमंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से देशभर के 75 पुनर्विकसित अमृत भारत स्टेशनों का राष्ट्र को समर्पित किया।

भोपाल मंडल~ साँची में माननीय राज्यपाल, मध्यप्रदेश श्री मंगुभाई पटेल, माननीया केंद्रीय महिला एवं बाल विकास राज्यमंत्री श्रीमती सावित्री ठाकुर, विधायक डॉ. प्रभुराम चौधरी एवं विधायक श्री सुरेन्द्र पटवा सहित अन्य जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। विदिशा में राज्यसभा सांसद श्री रजनीश अग्रवाल एवं विधायक श्री मुकेश टंडन तथा अशोकनगर में माननीय केंद्रीय संचार एवं उत्तर-पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, विधायक श्री जगन्नाथ सिंह रघुवंशी सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। रेलवे प्रशासन की ओर से महाप्रबंधक पश्चिम मध्य रेलवे श्री दिलीप कुमार सिंह, मंडल रेल प्रबंधक श्री पंकज त्यागी एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने सहभागिता की। शिवपुरी में विधायक श्री देवेन्द्र कुमार जैन सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने समारोह की गरिमा बढ़ाई।जबलपुर मंडल~ ब्योहारी में माननीय उपमुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश श्री राजेन्द्र शुक्ल, सांसद डॉ. राजेश मिश्र, विधायक श्री जुगलाल कोल सहित स्थानीय प्रशासन एवं अन्य जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति रही। रेलवे प्रशासन की ओर से मंडल रेल प्रबंधक श्री कमल कुमार तलरेजा, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक डॉ. मधुर वर्मा, वरिष्ठ मंडल इंजी. (सम.) श्री राहुल जयपुरियार एवं अन्य वरिष्ठ रेल अधिकारी समारोह में उपस्थित रहे। कोटा मंडल~ गंगापुर सिटी में कार्यक्रम की अध्यक्षता माननीय सहकारिता मंत्री (प्रभारी, सवाई माधोपुर) राजस्थान सरकार श्री गौतम कुमार दक ने की। समारोह में सांसद श्री हरीश चंद्र मीणा, विधायक श्री रामकेश मीणा, प्रधान पंचायत समिति श्रीमती मंजू गुर्जर, निवर्तमान सभापति श्री शिवरतन अग्रवाल सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित स्टेशन

स्टेशनों का पुनर्विकास स्थानीय संस्कृति एवं आधुनिक वास्तुकला के समन्वय को केंद्र में रखकर किया गया है। नई डिज़ाइन अवधारणा ने स्टेशनों को आकर्षक, विशिष्ट एवं सांस्कृतिक पहचान प्रदान की है, जिससे आगंतुकों को प्रथम दृष्टि में ही संबंधित क्षेत्र की ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक विरासत का अनुभव होता है।

पुनर्विकास के अंतर्गत स्टेशन भवनों को आधुनिक स्वरूप प्रदान करते हुए यात्री सुविधाओं का व्यापक विस्तार किया गया है। प्लेटफॉर्मों पर नए एवं विस्तृत शेड, आरामदायक बैठने की व्यवस्था तथा उच्च गुणवत्ता वाली सतह विकसित की गई है। यात्रियों को त्वरित एवं सटीक जानकारी उपलब्ध कराने के लिए डिजिटल यात्री सूचना प्रणाली, कोच पोजिशन डिस्प्ले बोर्ड एवं अत्याधुनिक पब्लिक एड्रेस सिस्टम स्थापित किए गए हैं।

बेहतर यात्रा अनुभव के लिए समग्र विकास

स्टेशन परिसरों के सर्कुलेटिंग एरिया का सुव्यवस्थित विकास एवं सौंदर्यीकरण किया गया है। पार्किंग व्यवस्था को अधिक सुविधाजनक बनाया गया है। इसके अतिरिक्त आधुनिक प्रतीक्षालय, स्वच्छ शौचालय, शुद्ध पेयजल, बेहतर प्रकाश व्यवस्था तथा अन्य आवश्यक यात्री सुविधाओं का विस्तार कर यात्रा को अधिक सुरक्षित, सहज एवं आरामदायक बनाया गया है। प्लेटफॉर्मों के मध्य सुगम आवागमन के लिए 12 मीटर चौड़े आधुनिक फुट ओवर ब्रिज, लिफ्ट एवं एस्केलेटर की व्यवस्था की गई है।

दिव्यांगजन-अनुकूल एवं पर्यावरण हितैषी स्टेशन

सुगम एवं समावेशी रेल यात्रा की अवधारणा को साकार करते हुए स्टेशनों को पूर्णत: दिव्यांगजन-अनुकूल बनाया गया है। इसके अंतर्गत रैंप, टैक्टाइल पाथ एवं अन्य आवश्यक सुगम्यता सुविधाएँ विकसित की गई हैं। साथ ही ऊर्जा दक्ष एलईडी प्रकाश व्यवस्था स्थापित कर स्टेशन परिसरों को सुरक्षित, पर्यावरण-अनुकूल एवं ऊर्जा-कुशल बनाया गया है। अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत विकसित ये स्टेशन अब केवल रेल यात्रियों की सुविधा तक सीमित नहीं रहेंगे, बल्कि क्षेत्रीय पर्यटन, व्यापार, स्थानीय अर्थव्यवस्था एवं सामाजिक-आर्थिक विकास के नए केंद्र के रूप में उभरेंगे। आधुनिक अवसंरचना एवं स्थानीय सांस्कृतिक पहचान के साथ ये स्टेशन संबंधित क्षेत्रों के लिए एक नए प्रवेश द्वार के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

17 जुलाई 2026 का यह उद्घाटन समारोह पश्चिम मध्य रेलवे के लिए एक ऐतिहासिक एवं गौरवपूर्ण क्षण साबित हुआ है, जो भारतीय रेलवे के आधुनिकीकरण, यात्री सुविधा विस्तार एवं विकसित भारत के संकल्प को नई दिशा प्रदान करेगा।

# गोहलपुर मे आयोजित हुआ विशाल लंगर



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। मुहर्रम के उपलक्ष्य मे अली असगर लंगर कमेंटी के द्वारा गोहलपुर स्थित नई बस्ती में विशाल लंगर का आयोजन किया गया 7 फातेहा के बाद देश मे शांति अमन-चैन के लिए दुआएं की गई 7 समिति के सदस्यों ने बताया कि लंगर का आयोजन पिछले 6 वर्षों से लगातार किया जा रहा है।

जिसमे बड़ी संख्या में महिला व पुरुष भाग लेते हैं 7आयोजकों ने लंगर के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि लंगर-ए-इमाम हक और सत्य और असत्य की उस ऐतिहासिक जंग की याद दिलाता है जिसमें एक तरफ 30 हजार की फौज थी और दूसरी तरफ मासूम हजरत अली असगर, हजरत इमाम हुसैन के साथ सिर्फ 72 लोग थे। इस जंग में आखिरकार हक की जीत हुई थी। इसी याद मे लंगर किया जाता हैं 7 लंगर मे समिति के हाजी सुलेमान, इसरार अहमद, नारू और मोहम्मद शमीम अंसारी सहित अन्य का सहयोग रहा।

# लोक निर्माण विभाग मुख्य अभियंता कार्यालय में 128 पदोन्नति होने पर संघ ने मुख्य अभियंता का जताया आभार

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। मध्य प्रदेश अनुसूचित जाति जनजाति अधिकारी कर्मचारी संघ जिला जबलपुर के जिला अध्यक्ष योगेश चौधरी ने जारी विज्ञप्ति में बताया है कि कार्यालय मुख्य अभियंता लोक निर्माण विभाग जबलपुर में हुई 128 पदों पर पदोन्नति जिसमें प्रथम द्वितीय तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी संवर्ग के पदों के लिए ङ्ग एवं ङ्ख के निर्धारण हेतु कमेटी बनाई गई जिसमें मुख्य अभियंता श्री ए.पी.राणे अध्यक्ष एवं आर.डी. तंतुवाय सचिव व अजय सोनकर योगेश चौधरी सदस्य की उपस्थिति में 100 बिंदु रोस्टर का संधारण कर अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति के बैकलॉग के निर्धारण कर 15 पद अनुरेखक से सहायक मानचित्रकार पर वह 83 पद सहायक ग्रेड 3 से सहायक ग्रेड 2 पर व 12 पद भृत्य से दफ्तरी, 18 पद भृत्य से सहायक ग्रेड 3 पर पदोन्नति हुई।

इस अवसर पर अजय सोनकर, राजेन्द्र तेकाम, योगेश चौधरी, राकेश समुन्द्रे, सुभाष खण्डारे,धर्मेंद्र कुकरेले,पवन बावरिया,महेंद्र चौधरी,दालचंद पानी, राजू मस्के,सुनील चौधरी, मूलचंद अहिरवार, बालकृष्ण उईके,भान सिंह तेकाम, बालकृष्ण उईके, सुखदेव झारिया,डॉ मनीषा कोल, कोमल कोरचे, घनश्याम अहिरवार, तुलसी तेकाम, रोहित डोंगरे, पप्पू गिरानिया, कमल किशोर गोटियां,डी.एस.मरावी, कपिल राज प्रिंजे, उदय सिंह मरावी, संजय मरावी,जय प्रकाश तेकाम, विनीत झारिया, इन्द्र कुमार कुलस्ते आदि उपस्थित थे।

# जागरण साहित्य समिति की ऑंन लाइन मासिक गोष्ठी संपन्न



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। संस्कारधानी जबलपुर की ख्यातिलब्ध साहित्यक सांस्कृतिक संस्था जागरण साहित्य समिति की ऑंन लाइन संगोष्ठी का आयोजन ख्यातिलब्ध साहित्यकार अमरेंद्र नारायण जी के मुख्य अतिथ्य एवं महामहोपाध्याय ब्रह्मश्री आचार्य पं. डॉ. हरिशंकर दुबे जी की अध्यक्षता में किया गया। विशिष्ट अतिथि प्रतुल् श्रीवास्तवव,प्रमुख वक्ता राजेश पाठक %प्रवीण%, स्वगताध्यक्ष मदन श्रीवास्तव,संगोष्ठी संयोजक दादा सुभाष शलभ थे। कार्यक्रम का सुंदर सफल संचालन डॉ.मुकुल तिवारी द्वारा किया गया। सरस्वती वन्दना विनीता पैगवार द्वारा प्रस्तुत की गई। आभार ज्ञापन महेश स्थापक जी द्वारा किया गया। माँ की ममता के विविध स्वरुपों पर आधारित इस संगोष्ठी में डॉ. रामकुमार वर्मा,डॉ.संध्या शुक्ल मृदुल मंडला,श्रीमति सुनील जैन आभा सहित अनेक साहित्यकारों नें माँ पर आधारित स्वारचित कविता का पाठ किया।

# शासकीय कन्या महाविद्यालय राँझी जबलपुर में नशा मुक्ति अभियान का कार्यक्रम किया गया



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। शासकीय कन्या महाविद्यालय राँझी जबलपुर में नशा मुक्ति अभियान का कार्यक्रम किया गया यह कार्यक्रम स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्ग दर्शन के अन्तर्गत किया गया । कार्यक्रम में आये मुख्य अतिथि छ्ठस्क्क श्री एम.पी. सिंह ने छात्राओं को बाताया नशे की मांग को कम करना और प्रभावित व्यक्तियों का पुनर्वास करना है। छ्ठस्क्क श्री सुभोद लोखन्डे ने छात्राओं से कहा युवाओं में नशीले पदार्थों के सेवन के बड़ते हुए उत्सकता का कारण बताया । छ्ठस्क्क श्रीमती रीना पाण्डे ने छात्राओं से कहा नशा मुक्त भारत बनना है घर-घर नशा मुक्त अभियान को पहुँचना है। और समाज को जागरूक करना है । नशा मुक्त अभियान महाविद्यालय में छात्राओं के द्वारा रैली निकाली गई और नशा मुक्त अभियान में छात्राओं को प्रोजेक्टर के माध्यम से पिक्चर दिखाया गया । कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ बिन्दु शर्मा के निर्देशन में हुआ है । कार्यक्रम की प्रभारी डॉ. माधुरी सिंह ने कार्यक्रम कर संचालन किया । कार्यक्रम में उपस्थित डॉ.वीना श्रीवास्तव , श्रीमती रेनू बाला घई , श्री विरेन्द्र झारिया , श्रीमती कविता धुर्वे , श्रीमती स्वीटी यादव , डॉ दिपेन्द्र यादव , स्पेक्टर श्री विजय मेहरा , स्पेक्टर श्री स्वरूप सिंह उइके , स्पेक्टर श्री कमल जीत सिलावट ।एवं महाविद्यालय की छात्राएं उपस्थित थी।

# संस्कारधानी नाम की सार्थकता ऐसे विद्वत मनीषियों से सार्थक है



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। संस्कारधानी जबलपुर के ख्यातिलब्ध साहित्यकार ,वरिष्ठ पत्रकार,शिक्षाविद के ग्यारहवीं पुण्यतिथि का गरिमामय आयोजन श्रीजानकीरमण महाविद्यालय मे उनके मूर्ति स्थल पर आयोजित किया जिसका शुभारंभ प्रो.राजेश कुमार वर्मा कुलगुरु,रानीदुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर एंव अतिथियों के द्वारा उनकी मूर्ति पर पूजन-अर्चन एवं पुष्पांजलि के साथ किया गया तदोपरांत उपस्थित अतिथियों के उनके तैल चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया अतिथियों में शरदचंद पालन ने पं.हरिकृष्ण त्रिपाठी जी को निष्ठावान शिक्षाविद बताते हुए अपने संस्मरण साझा किये डॉ कौशल दुबे के द्वारा त्रिपाठी जी के संस्मरण बताते हुए कहा की श्रीजानकीरमण महाविद्यालय साहित्यिक संस्थाओ का केन्द्र उनके कारण बना है वरिष्ठ डॉ उदयभानु तिवारी ने कहा की संस्कारधानी नाम की सार्थकता ऐसे ही व्यक्तित्वों के कारण सार्थक है अशोक मिश्र ने कहा श्री त्रिपाठी का व्यक्तित्व अनुशासित और अनुकरणीय रहा है उमाशंकर दुबे ने कहा शिक्षा ,साहित्य और पत्रकारिता की त्रिवेणी बताया । अभिमन्यु जैन ने अपने संस्मरण साझा किए एवं अन्य उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला। सुरेश मिश्र विचित्र ने श्री त्रिपाठी को साहित्य शिक्षा का इनसाक्लोपिडिया बताते हुए कहा कि नये पुराने साहित्यकारों की अघतन जानकारी रहती थी ऐसे लोग विरले ही होते हैं । कार्यक्रम में प्रमुख रुप से डॉ गंगाधर त्रिपाठी,डॉ अनामिका सिंह, गोपाल प्रसाद, मुकेश श्रीवास्तव,राखी बाजपेई, मानसी गौतम, कंचन दुबे,आदि बड़ी संख्या मे उपस्थिति रही ।कार्यक्रम का संचालन डॉ.आनंद सिंह राणा ने किया एवं आभार प्रदर्शन डॉ.अभिजात त्रिपाठी के द्वारा किया गया ।

# शालेय जूडो स्पर्धा के पहले दिन बेटियों का दबदबा इर्तिका अनिका अफशीऩ और धानी ने हासिल की जीत



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। जिला शिक्षा अधिकारीए जबलपुर के मार्गदर्शन एवं नर्मदा नर्सरी तथा वल्लभ उच्चतर माध्यमिक विद्यालयए हनुमानताल के संयोजन में जिला स्तरीय शालेय बालक एवं बालिका ;14ए 17 एवं 19 वर्षद्ध जूडो प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ आज 16 जुलाई को हुआ। इस प्रतियोगिता में शहर के विभिन्न शासकीय एवं अशासकीय स्कूलों के लगभग 275 खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया है। प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में श्री नवनीत महेश्वरी ;संचालकए नर्मदा कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस एवं नर्मदा शिक्षण महाविद्यालयद्ध उपस्थित रहे। वहींए विशिष्ट अतिथि के रूप में श्रीमती सुनीता महेश्वरी ;संचालकए नर्मदा ग्रुपद्धए श्री प्रभाव महेश्वरी ;सह.संचालकद्ध एवं श्री विभव महेश्वरी ;सह.संचालकद्ध ने गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। प्रतियोगिता के पहले दिन सुबह से ही विभिन्न संकुलों और विद्यालयों से आए खिलाड़ियोंए कोचों और खेल प्रभारियों की भारी भीड़ जमा रही। वरिष्ठ कार्यालय के कड़े निर्देशों का पालन करते हुए आज सभी प्रतिभागियों के ऑनलाइन रजिस्ट्रेशनए पिछले 3 वर्षों की अंकसूचीए समग्र आईडीए बैंक पासबुक और पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ जैसे आवश्यक दस्तावेजों का गहनता से सत्यापन किया गया। संस्था के प्राचार्यों द्वारा सत्यापित प्रतियों की जांच के बाद ही खिलाड़ियों को प्रतियोगिता में प्रवेश की पात्रता दी गई।

# रोटरी क्लब ऑफ़ जबलपुर ग्रेटर एवं गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक कॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में वृक्षारोपण कार्यक्रम संपन्न


30 चंपा के पौधों का रोपण, पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। पर्यावरण संरक्षण एवं हरित भविष्य के निर्माण के उद्देश्य से रोटरी क्लब ऑफ़ जबलपुर ग्रेटर एवं गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक कॉलेज, जबलपुर के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को महाविद्यालय परिसर में भव्य वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में रोटरी क्लब के पदाधिकारियों, महाविद्यालय के प्राचार्य, प्राध्यापकों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे तथा उनके संरक्षण का संकल्प लिया।

रोटरी क्लब ऑफ़ जबलपुर ग्रेटर के अध्यक्ष रोटेरियन अजय पाठक ने अपने संबोधन में कहा कि वृक्षारोपण केवल पौधे लगाने तक सीमित नहीं है, बल्कि उनके संरक्षण की जिम्मेदारी निभाना भी प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। यदि प्रत्येक व्यक्ति एक पौधा लगाकर उसकी देखभाल करे, तो आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ, सुरक्षित एवं हरित वातावरण उपलब्ध कराया जा सकता है। कार्यक्रम में रोटेरियन प्रबीर दत्ता ने पर्यावरण संरक्षण की दिशा में सराहनीय योगदान देते हुए 30 चंपा के पौधे उपलब्ध कराए। इस सहयोग के लिए रोटरी क्लब ऑफ़ जबलपुर ग्रेटर ने उनका विशेष आभार व्यक्त किया। रोटरी क्लब ऑफ़ जबलपुर ग्रेटर के सचिव रोटेरियन असगर अली (असगी) ने कार्यक्रम के सफल आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने पूरे कार्यक्रम के समन्वय, व्यवस्थाओं एवं महाविद्यालय प्रशासन के साथ बेहतर तालमेल सुनिश्चित किया। अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण सामाजिक दायित्व है और ऐसे जन-जागरूकता अभियान समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का माध्यम बनते हैं। उन्होंने सभी नागरिकों से अधिक से अधिक वृक्षारोपण कर उनके संरक्षण का संकल्प लेने का आह्वान किया। कार्यक्रम में रोटरी क्लब की ओर से अध्यक्ष रोटेरियन अजय पाठक, सचिव रोटेरियन असगर अली (असगी), कोषाध्यक्ष रोटेरियन पुनीत हांडा, रोटेरियन अभय विष्णोई, रोटेरियन अनुराग यादव, रोटेरियन योगेंद्र सोनी, रोटेरियन संदीप चौधरी, रोटेरियन विजय गुप्ता, रोटेरियन अजय रावत, रोटेरियन राकेश नेमा, रोटेरियन शशिकांत गाला, रोटेरियन राजेश गुलाटी, श्रीमती बिंदु गुलाटी, रोटेरियन नासिर अली, श्रीमती यास्मीन अली, रोटेरियन चेतन जायसवाल एवं रोटेरियन प्रबीर दत्ता विशेष रूप से उपस्थित रहे।

गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक कॉलेज की ओर से प्राचार्य श्रीमती सीमा कोहली, श्रीमती अग्रवाल, डॉ. अंकिता एवं श्री पुष्पराज पिल्लई की गरिमामयी उपस्थिति रही। सभी वक्ताओं ने पर्यावरण संरक्षण, जलवायु संतुलन एवं हरित विकास के लिए अधिक से अधिक वृक्षारोपण और पौधों के संरक्षण का संदेश दिया।



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। - थाना प्रभारी रांझी उमेश गोल्हानी ने बताया कि रात पेट्रोलिंग के दौरान एक युवक पुरानी शराब दुकान के पास बैठा दिखा जो पुलिस को देखकर छिपने का प्रयास किया संदेह होने पर युवक को घेराबंदी कर पकड़ा गया, पूछताछ पर संदेही ने अपना नाम शिवम शुक्ला उर्फमोनू शुक्ला उम्र 23 वर्ष निवासी सामुदायिक भवन के पास मानेगांव तालाब रांझी बताया तलाशी लेने पर कमर में जींस पेंट में दाहिने तरफएक देशी पिस्टल रखे मिला, जिसकी मैगजीन के अंदर एक कारतूस लोड मिला।

# पुरानी रंजिश पर दो युवकों पर धारदार हथियारों से हमला, एक घायल की जबलपुर ले जाते वक्त रास्ते में मौत



**जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)।** दमोह। दमोह के राजनगर में पुरानी रंजिश पर दो युवक अमजद उर्फ सपूत खान व शरीफ खान पर धारदार हथियारों से हमला कर दिया। हमले में दोनों युवकों के शरीर पर गंभीर चोटें आई। घायलों को गंभीर हालत में जिला अस्पताल पहुंचाया गया। जहां पर शरीफ को भरती कर लिया गया। वही अमजद की हालत को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद जबलपुर रेफर किया गया। जबलपुर पहुंचने से पहले रास्ते में ही अमजद खान ने दम तोड़ दिया। देर रात हुए घटनाक्रम की खबर मिलते ही पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंच गए, जिन्होने पूछताछ के बाद हमलावरों की तलाश शुरु कर दी है।

पुलिस के अनुसार सुलतानी मोहल्ला निवासी अमजद उर्फ सपूत खान उम्र 30 वर्ष व शरीफ 28 वर्ष घर से घूमने के लिए निकले। जब वे राजनगर पहुंचे, इस दौरान दोनों पर बदमाशों ने हमला कर दिया। हमले में अमजद व शरीफ के शरीर पर गंभीर चोटें आई, वे सड़क पर ही पड़े रहे। राह चलते लोगों ने देखा तो पहचान कर परिजनों व पुलिस को खबर दी। मौके पर पहुंचे परिजनों ने घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद अमजद की हालत गंभीर होने पर उसे जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। हालांकि रास्ते में ही उसकी मौत हो गई, शव को वापस जिला अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं, दूसरे घायल शरीफ का इलाज जिला अस्पताल में जारी है। पुलिस ने अस्पताल पहुंचकर शरीफ से पूछताछ की, इसके बाद पुलिस ने आरोपियों को पकडऩे के लिए संभावित ठिकानों पर दबिश देना शुरु कर दिया। पुलिस का कहना है कि पुरानी रंजिश के चलते वारदात को अंजाम दिया गया है।

## द्वारका नगर घमापुर में घटना से सनसनी

# स्कूली छात्र पर चाकुओं से हमला, गिरा तो बेल्ट से पीटा, बीच बचाव करने आए नाना पर भी हमला

**जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)।** घमापुर थानान्तर्गत न्यू कछियाना द्वारका नगर घमापुर में शराब पीने रुपए न देने पर बदमाशों ने स्कूली छात्र पर चाकुओं से हमला कर दिया। हमले में छात्र कृष्णा चौहटेल के शरीर पर गंभीर चोटें आई। जिसे उपचार के लिए शासकीय अस्पताल में भरती कराया गया है। पुलिस ने घायल कृष्णा से पूछताछ के बाद हमलावरों की तलाश शुरु कर दी है।

पुलिस के अनुसार कृष्णा चैहटेल उम्र 16 वर्ष निवासी न्यू कछियाना द्वारकानगर कक्षा 11 वीं खालसा स्कूल में पढ़ाई करता है। कृष्णा अपने घर के बाहर टहल रहा था तभी चिराग पनघेरा अपने अन्य साथियों के साथ आया और उससे शराब पीने के लिये एक हजार रूपये मांगने लगा। कृष्णा ने रुपए देने से इंकार किया तो चिराग पनघेरा गाली गलौज करने लगा, गालियां देने से मना करने पर चिराग ने चाकू से हमलाकर वायें पैर की जांघ में हमला कर दिया। हमला होते ही कृष्णा गिर गया।

इसके बाद चिराग व उसके साथियों ने कृष्णा को बेल्ट उतारकर बुरी तरह पीटा, जिससे उसके सिर, पेट व पीठ में गंभीर चोटें आई। शोर सुनकर नाना राजेश कुमार पहुंच गए। इस बीच चिराग ने कृष्णा के नाना राजेश कुमार के साथ भी मारपीट कर हाथ कमर में चोटें पहुँचा दी। कुछ पल बाद ही परिवार के अन्य सदस्यों सहित आसपास के लोग आ गए, जिसपर हमलावर धमकी देते हुए भाग निकले। पुलिस ने घायल की रिपोर्ट पर धारा 296(ए), 119(1), 115(2), 351(2), 3(5) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर तलाश शुरु कर दी है।

# 20 फीट गहरे नाले में गिरी मर्सिडीज, कांच तोड़कर बाहर निकले दो युवक



**जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)।** दमोह से जबलपुर लौट रही एक तेज रफ्तार मर्सिडीज कार कटंगी थाना क्षेत्र में 20 फीट गहरे नाले में गिर गई। हादसे में कार सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों ने कार का कांच तोड़कर किसी तरह अपनी जान बचाई और इलाज के लिए जबलपुर के एक निजी अस्पताल पहुंचे।

पुलिस के अनुसार, रजा चौक निवासी जिशान अली अपने एक साथी के साथ बुधवार देर रात दमोह से जबलपुर लौट रहे थे। प्रज्ञाधाम के पास सड़क पार कर रहे एक जानवर को बचाने के प्रयास में कार अनियंत्रित होकर करीब 20 फीट गहरे नाले में जा गिरी।

घटना देर रात होने और आसपास कोई मौजूद न होने के कारण दोनों युवकों ने खुद ही कार का कांच तोड़कर बाहर निकलने में सफलता हासिल की। इसके बाद वे किसी तरह जबलपुर पहुंचे, जहां उन्हें निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। गुरुवार सुबह स्थानीय लोगों ने नाले में गिरी कार देखकर कटंगी थाना पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने क्रेन की मदद से क्षतिग्रस्त मर्सिडीज को नाले से बाहर निकलवाया। कटंगी थाना प्रभारी पूजा ने बताया कि हादसे की सूचना रात में न तो थाने को मिली थी और न ही डायल-112 पर कोई कॉल आया था। फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

# सिहोरा ईसाफ बैंक डकैती का पांचवां मुख्य आरोपी बिहार से गिरफ्तार, 750 ग्राम लूटा गया सोना बरामद



जबलपुर.(नगर प्रतिनिधि) सिहोरा स्थित ईसाफ बैंक में हुई डकैती के मामले में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। क्राइम ब्रांच जबलपुर और खितौला पुलिस की संयुक्त टीम ने मामले के पांचवें मुख्य आरोपी सुनील पासवान को बिहार के गया जिले के आमस थाना क्षेत्र स्थित बनाही गांव से गिरफ्तार किया है। आरोपी को न्यायालय में पेश करने के बाद पुलिस रिमांड पर लेकर पूछताछ की जा रही है।

पुलिस के अनुसार बैंक डकैती के दौरान बदमाश करीब 750 ग्राम सोने के आभूषण लूटकर फरार हुए थे। जांच में सामने आया कि आरोपी सुनील पासवान ने लूटा गया सोना अपने परिचित चंचल पासवान को बेच दिया था। आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने चंचल पासवान के कब्जे से 750 ग्राम सोने के आभूषण भी बरामद कर लिए हैं। इसके बाद दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर सिहोरा न्यायालय में पेश किया गया। पुलिस अब रिमांड के दौरान दोनों आरोपियों से पूछताछ कर यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि इस वारदात में और कौन-कौन लोग शामिल थे तथा लूट का कोई अन्य सामान या आभूषण अभी बरामद होना बाकी है या नहीं। इस कार्रवाई में क्राइम ब्रांच के उप निरीक्षक प्रभाकर सिंह, सहायक उप निरीक्षक कैलाश मिश्रा, अशोक मिश्रा, नरेश पासी, प्रधान आरक्षक राजेश पांडे, मोहन सिंह, अखिलेश पांडे, हितेंद्र रावत, आरक्षक शिव बघेल और आरक्षक गोविंद राय की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बैंक डकैती जैसे गंभीर मामलों में फरार आरोपियों की लगातार तलाश की जा रही है और अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। साथ ही आमजन से अपील की गई है कि यदि इस मामले से संबंधित कोई भी जानकारी हो तो तत्काल पुलिस को सूचित करें, ताकि जांच को और आगे बढ़ाया जा सके।

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-2,कछपुरा नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि./04/कछपुरा 2026-27 / एम./ Q -214 दिनांक 16.07.2026

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि **श्री दिनेश चन्द्र जैन, पिता स्व. श्री सुरेश चन्द्र जैन** ने मकान नं. 103/ए सम्पत्ति पिन नं. 1000607077 **वार्ड विवेकानंद-21 वार्ड** , कुल क्षेत्रफल 1012 व.फु., भूतल 925 व.फु., प्रथमतल 925 व.फु., **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक -2 कछपुरा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग-2 कछपुरा
नगर निगम जबलपुर

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-2,कछपुरा नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि./04/कछपुरा 2026-27 / एम./ Q -219 दिनांक 16.07.2026

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि **श्रीमती आरती खत्री, पति- स्व. श्री अमित खत्री** ने मकान नं. 266 सम्पत्ति पिन नं. 1002150654 **वार्ड कमला नेहरू- 19 वार्ड** , कुल क्षेत्रफल 1000 व.फु., भूतल 900 व.फु., प्रथमतल 900 व.फु., **मृत्यु प्रमाण पत्र, खसरा पी-1, पी-2,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक -2 कछपुरा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग-2 कछपुरा
नगर निगम जबलपुर

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-13,मुख्यालय नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि/13/मुख्यालय 2026/27/एम/....... दिनांक 09.07.2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री चंद्र शेखर कैथवास पासी, पिता स्व. श्री लक्ष्मी नारायण पासी** ने मकान नं. 72/1 **वार्ड पं. भवानी प्रसाद तिवारी वार्ड,** भूतल 416 व.फु., **विक्रयपत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग-13 मुख्यालय
नगर निगम जबलपुर

**नगर पालिक निगम, जबलपुर जोन क्र.-07 अधारताल जबलपुर म.प्र.**

क्र./सं.अधि./07/M./E.N.P.No/ - 74 2026-2027 दिनांक 08/07/2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि क्रेता **श्रीमती कृष्णा चौकसे, पति स्व. श्री सुरेश चौकसे, 2. श्री हर्ष चौकसे, पिता स्व. श्री सुरेश चौकसे** भवन न क्रं. खसरा नं. 95/3 का भाग पी.न. 12 का भाग संपति कर/ पिन नं. 1000359985 जलकर पिन नं. ...... **विक्रेतागण/ पंजीकृत गृहस्वामी** - श्री रमेश चौकसे, पिता स्व. श्री शंकर लाल चौकसे, 2. श्रीमती कृष्णा चौकसे, पति स्व. श्री सुरेश चौकसे, **वार्ड महर्षि महेश योगी वार्ड ,** निर्मित भूतल 600 व.फु. आर.सी.सी., प्रथमतल 300 व.फु. आर.सी.सी., **विक्रयपत्र, वसीयतनामा, मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथ पत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन क्रमांक पर दर्ज प्रविष्टि के स्थान/ क्रय भाग पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया गया है, जिस किसी को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन तिथि से 15 दिन के अंदर **संभागीय कार्यालय क्रमांक 07** में प्रमाण एवं दस्तावेजों के साथ आपत्ति प्रस्तुत करें।

कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-7,अधारताल नगर निगम जबलपुर

**नगर पालिक निगम, जबलपुर जोन क्र.-07 अधारताल जबलपुर म.प्र.**

क्र./सं.अधि./07/M./E.N.P.No/ - 72 2026-2027 दिनांक 03/07/2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि क्रेता **श्रीमती मीनाक्षी सावन कुमार लिमजे, पति- श्री सावन लिमजे** भवन न क्रं. 259/2 261/3 का भाग पी.नं. 121 संपति कर/ पिन नं. 1002228053 जलकर पिन नं. ...... **विक्रेतागण/ पंजीकृत गृहस्वामी** - पेराडाईस गृह निर्माण समिति द्वारा अध्यक्ष श्री इन्द्रजीत सिंह गुजराल, एवं श्री सर्वेश मिश्रा **वार्ड निर्मिल चंद जैन वार्ड ,** विक्रय प्लाट रकवा 852 व.फु., **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन क्रमांक पर दर्ज प्रविष्टि के स्थान/ क्रय भाग पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया गया है, जिस किसी को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन तिथि से 15 दिन के अंदर **संभागीय कार्यालय क्रमांक 07** में प्रमाण एवं दस्तावेजों के साथ आपत्ति प्रस्तुत करें।

कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-7,अधारताल नगर निगम जबलपुर

**नगर पालिक निगम, जबलपुर जोन क्र.-07 अधारताल जबलपुर म.प्र.**

क्र./सं.अधि./07/M./E.N.P.No/ - 71 2026-2027 दिनांक 03/07/2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि क्रेता **श्रीमती लक्ष्मी सेन, पति- अनिल कुमार सेन** भवन न क्रं. 259/2 261/3 का भाग पी.नं. 120 संपति कर/ पिन नं. 1002228053 जलकर पिन नं. ...... **विक्रेतागण/ पंजीकृत गृहस्वामी** - पेराडाईस गृह निर्माण समिति द्वारा अध्यक्ष श्री इन्द्रजीत सिंह गुजराल, एवं श्री सर्वेश मिश्रा **वार्ड निर्मिल चंद जैन वार्ड ,** विक्रय प्लाट रकवा 852 व.फु., **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन क्रमांक पर दर्ज प्रविष्टि के स्थान/ क्रय भाग पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया गया है, जिस किसी को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन तिथि से 15 दिन के अंदर **संभागीय कार्यालय क्रमांक 07** में प्रमाण एवं दस्तावेजों के साथ आपत्ति प्रस्तुत करें।

कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-7,अधारताल नगर निगम जबलपुर

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-1,गढ़ा नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि./01/गढ़ा 2026 एम. 275/ 2026/27 दिनांक 08.07.2026

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, **श्रीमती भाग्यश्री पुनवटकर, पति श्री अनूप पुनवटकर** ने भूखंड क्रं.12 सुख सागर हिलविध्यू पिन क्र. 1003036115 का भाग **वार्ड क्र. 05, वार्ड-सरदार बल्लभ भाई पटेल वार्ड,** के पंजीकृत गृह स्वामी (कम्प्यूटर प्रविष्ठि अनुसार) खन्ना प्रापर्टीज प्रो. बलीपंदर सिंह खना, प्लाट क्षेत्रफल 800 व.फु., **विक्रयपत्र** , के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक -1 गढ़ा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा अवधि समाप्त होने के पश्चात प्रार्थना पत्र प्रस्तुतकर्त्ता का नाम कम्प्यूटर रिकार्ड में अंकित कर दिया जायेगा। नामान्तरण होने के पश्चात किसी भी प्रकार की आपत्ति विचारणीय नहीं होगी।

संभागीय अधिकारी
संभाग-1 गढ़ा
नगर निगम जबलपुर

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-2,कछपुरा नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि./04/कछपुरा 2026-27 / एम./ Q -218 दिनांक 16.07.2026

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि **श्रीमती शशि खन्ना, पति स्व. श्री सतीश खन्ना** ने मकान नं. 2310/1/3 सम्पत्ति पिन नं. 1000495777 का भाग **वार्ड मदन महल- 15 वार्ड** , कुल क्षेत्रफल 223.5 व.फु., भूतल 223.5 व.फु., **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक - 2 कछपुरा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग-2 कछपुरा
नगर निगम जबलपुर

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-2,कछपुरा नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि./04/कछपुरा 2026-27 / एम./ Q -217 दिनांक 16.07.2026

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि **श्री कुलभूषण खन्ना, पिता स्व. श्री धरमपाल खन्ना** ने मकान नं. 2310/1/2 सम्पत्ति पिन नं. 1000495777 का भाग **वार्ड मदन महल- 15 वार्ड** , कुल क्षेत्रफल 223.5 व.फु., भूतल 223.5 व.फु., **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक - 2 कछपुरा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग-2 कछपुरा
नगर निगम जबलपुर

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-2,कछपुरा नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि./04/कछपुरा 2026-27 / एम./ Q -216 दिनांक 16.07.2026

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि **श्री कमल किशोर खन्ना, पिता श्री धरमपाल खन्ना** ने मकान नं. 2310/1ए सम्पत्ति पिन नं. 1000495777 **वार्ड मदन महल- 15 वार्ड** , कुल क्षेत्रफल 596 व.फु., भूतल 596 व.फु., प्रथमतल 96 व.फु., **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक -2 कछपुरा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग-2 कछपुरा
नगर निगम जबलपुर

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-1,गढ़ा नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि./01/गढ़ा 2026 एम. 383/ 2026/27 दिनांक 16.07.2026

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, **अलका तिवारी, पिता स्व. श्री गया प्रसाद तिवारी** ने भवन क्रं. 718कव्या परिसर पिन क्र. 1000510118 का भाग **वार्ड क्र. 06, वार्ड-इंदिरा गांधी वार्ड,** के पंजीकृत गृह स्वामी (कम्प्यूटर प्रविष्ठि अनुसार) श्री अजय दुबे, पिता- के.के. दुबे, श्रीमती अंजू दुबे, पति सुनील दुबे, अभय दुबे, पिता- के.के.दुबे, सतवी मंजिल 775 व.फु.., **विक्रयपत्र** , के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक -1 गढ़ा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा अवधि समाप्त होने के पश्चात प्रार्थना पत्र प्रस्तुतकर्त्ता का नाम कम्प्यूटर रिकार्ड में अंकित कर दिया जायेगा। नामान्तरण होने के पश्चात किसी भी प्रकार की आपत्ति विचारणीय नहीं होगी।

संभागीय अधिकारी
संभाग-1 गढ़ा
नगर निगम जबलपुर

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-1,गढ़ा नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि./01/गढ़ा 2026 एम. 382/ 2026/27 दिनांक 15.07.2026

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, **श्रीमती रूपा महोबिया, पति- अच्छेलाल महोबिया, एवं श्री अच्छेलाल महोबिया, पिता- दुलीचंद महोबिया** ने भूखण्ड क्रं. 07 पिन क्र. 1002994530 **वार्ड क्र. 16, वार्ड-महाराणा प्रताप वार्ड,** के पंजीकृत गृह स्वामी (कम्प्यूटर प्रविष्ठि अनुसार) श्री राकेश तिर्की, पिता- पीटर तिर्की, श्रीमती रोशनी तिर्की, पति- राकेश तिर्की, प्लाट क्षेत्रफल 2400 व.फु., भूतल 1500 व.फु.., **विक्रयपत्र** , के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक -1 गढ़ा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा अवधि समाप्त होने के पश्चात प्रार्थना पत्र प्रस्तुतकर्त्ता का नाम कम्प्यूटर रिकार्ड में अंकित कर दिया जायेगा। नामान्तरण होने के पश्चात किसी भी प्रकार की आपत्ति विचारणीय नहीं होगी।

संभागीय अधिकारी
संभाग-1 गढ़ा
नगर निगम जबलपुर

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-1,गढ़ा नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि./01/गढ़ा 2026 एम. 380/ 2026/27 दिनांक 14.07.2026

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, **श्रीमती लक्ष्मी सोनी, पति- कोमल प्रसाद सोनी, एवं श्री अंकुर सोनी, पिता- कोमल प्रसाद सोनी,** ने भवन क्रं. 349/ए का भाग पिन क्र. 1000530451 का भाग **वार्ड क्र. 01, वार्ड-गढ़ा वार्ड,** के पंजीकृत गृह स्वामी (कम्प्यूटर प्रविष्ठि अनुसार) श्री गोविंद प्रसाद ढीमर, पिता- उमराव प्रसाद ढीमर, भूमि 350 व.फु., भूतल 350 व.फु. आर.सी.सी., प्रथमतल 250 व.फु. कच्चा., **विक्रयपत्र** , के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक -1 गढ़ा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा अवधि समाप्त होने के पश्चात प्रार्थना पत्र प्रस्तुतकर्त्ता का नाम कम्प्यूटर रिकार्ड में अंकित कर दिया जायेगा। नामान्तरण होने के पश्चात किसी भी प्रकार की आपत्ति विचारणीय नहीं होगी।

संभागीय अधिकारी
संभाग-1 गढ़ा
नगर निगम जबलपुर

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-1,गढ़ा नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि./01/गढ़ा 2026 एम. 381/ 2026/27 दिनांक 13.07.2026

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, **श्रीमती हरछट बाई सोनी, पति- राम किशोर सोनी** ने भवन क्रं. 1027/1ए पिन क्र. 1000502038 **वार्ड क्र. 06, वार्ड-इन्द्रा गांधी वार्ड,** के पंजीकृत गृह स्वामी (कम्प्यूटर प्रविष्ठि अनुसार) श्रीमती शीला वर्मा, पति- एल.एन. वर्मा, भूतल 1000 व.फु. आर.सी.सी., प्रथमतल 1000 व.फु. आर.सी.सी., द्वितीयतल 600 व.फु. आर.सी.सी., , **विक्रयपत्र, शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र** , के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक -1 गढ़ा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा अवधि समाप्त होने के पश्चात प्रार्थना पत्र प्रस्तुतकर्त्ता का नाम कम्प्यूटर रिकार्ड में अंकित कर दिया जायेगा। नामान्तरण होने के पश्चात किसी भी प्रकार की आपत्ति विचारणीय नहीं होगी।

संभागीय अधिकारी
संभाग-1 गढ़ा
नगर निगम जबलपुर

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-1,गढ़ा नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि./01/गढ़ा 2026 एम. 386/ 2026/27 दिनांक 10.07.2026

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, **का. श्री सुनील कनौजिया, पिता- भैय्या लाल कनौजिया** ने भवन क्रं. 336 पिन क्र. 1000516150 **वार्ड क्र. 05, वार्ड-सरदार बल्लभ भाई पटेल वार्ड,** के पंजीकृत गृह स्वामी (कम्प्यूटर प्रविष्ठि अनुसार) का. श्रीमती सविता कनौजिया, पति- सुनील कनौजिया, भूतल 450 व.फु. आर. सी. सी., **शपथपत्र, सहमति शपथ पत्र** , के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक -1 गढ़ा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा अवधि समाप्त होने के पश्चात प्रार्थना पत्र प्रस्तुतकर्त्ता का नाम कम्प्यूटर रिकार्ड में अंकित कर दिया जायेगा। नामान्तरण होने के पश्चात किसी भी प्रकार की आपत्ति विचारणीय नहीं होगी।

संभागीय अधिकारी
संभाग-1 गढ़ा
नगर निगम जबलपुर

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-1,गढ़ा नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि./01/गढ़ा 2026 एम. 387/ 2026/27 दिनांक 14.07.2026

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, **श्री देवेन्द्र सिंह बघेल, पिता- श्रीधर सिंह बघेल** ने भवन क्रं. एल.आई. जी.- 123 पिन क्र. 1000489231 **वार्ड क्र. 16, वार्ड-महाराणा प्रताप वार्ड,** के पंजीकृत गृह स्वामी (कम्प्यूटर प्रविष्ठि अनुसार) श्री रमेश श्रीवास्तव, भूतल 452 व.फु.आर.सी.सी., प्रथमतल 452 व.फु. आर.सी.सी., **विक्रयपत्र** , के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक -1 गढ़ा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा अवधि समाप्त होने के पश्चात प्रार्थना पत्र प्रस्तुतकर्त्ता का नाम कम्प्यूटर रिकार्ड में अंकित कर दिया जायेगा। नामान्तरण होने के पश्चात किसी भी प्रकार की आपत्ति विचारणीय नहीं होगी।

संभागीय अधिकारी
संभाग-1 गढ़ा
नगर निगम जबलपुर

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-1,गढ़ा नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि./01/गढ़ा 2026 एम. 385/ 2026/27 दिनांक 16.07.2026

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, **श्रीमती सीमा शर्मा, पति- श्री सुशील कुमार शर्मा** ने भवन क्रं. एच.आई. जी.- डी-2 पिन क्र. 1000490155 **वार्ड क्र. 16, वार्ड-महाराणा प्रताप वार्ड,** के पंजीकृत गृह स्वामी (कम्प्यूटर प्रविष्ठि अनुसार) श्री सुशील कुमार शर्मा, पिता- छन्नु लाल शर्मा, भूतल 1100 व.फु.आर.सी.सी., प्रथमतल 1100 व.फु. आर.सी.सी., **शपथपत्र, सहमति पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र** , के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक -1 गढ़ा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा अवधि समाप्त होने के पश्चात प्रार्थना पत्र प्रस्तुतकर्त्ता का नाम कम्प्यूटर रिकार्ड में अंकित कर दिया जायेगा। नामान्तरण होने के पश्चात किसी भी प्रकार की आपत्ति विचारणीय नहीं होगी।

संभागीय अधिकारी
संभाग-1 गढ़ा
नगर निगम जबलपुर

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-1,गढ़ा नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि./01/गढ़ा 2026 एम. 384/ 2026/27 दिनांक 16.07.2026

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, **श्रीमती जयश्री वैष्णव, पति श्री अंनत किशोर वैष्णव** ने भूखंड/ खसरा क्रं. 38/2 का भाग, पी- 11 पिन क्र. 1004292223 **वार्ड क्र. 71, वार्ड-वीर दुर्गादास वार्ड,** के पंजीकृत गृह स्वामी (कम्प्यूटर प्रविष्ठि अनुसार) श्रीमती पूर्णिमा पांडे, पति- विनय पांडे, प्लाट 1100 व.फु., भूतल 900 व.फु.आर.सी.सी., प्रथमतल 600 व.फु. आर.सी.सी., **विक्रयपत्र** , के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक -1 गढ़ा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा अवधि समाप्त होने के पश्चात प्रार्थना पत्र प्रस्तुतकर्त्ता का नाम कम्प्यूटर रिकार्ड में अंकित कर दिया जायेगा। नामान्तरण होने के पश्चात किसी भी प्रकार की आपत्ति विचारणीय नहीं होगी।

संभागीय अधिकारी
संभाग-1 गढ़ा
नगर निगम जबलपुर

स्वात्ताधिकारी मुद्रक प्रकाशक कृष्णकांत सक्सेना की ओर से माँ रेवा पब्लिकेशन एण्ड प्रिन्टर्स, तथा 68/1, लक्ष्मीपुर विवेकानन्द वार्ड, मुश्कान प्लाजा के पीछे, एम.आर.-4 रोड, उखरी जबलपुर म.प्र. से मुद्रित तथा मकान नंबर 358 सांठियां कुंआ जबलपुर से प्रकाशित। ब्यूरो प्रमुख श्री विलक्षण सक्सेना, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र जबलपुर रहेगा। भोपाल मो.नं. 7879652007, जबलपुर मो.नं.9300696096